आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 24°C |

इनसाइड न्यूज

उत्तर प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति की जाए सुनिश्चित...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



गुरुवार 16 अप्रैल, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 183 www.janexpresslive.com/epaper

पेटेंट फाइलिंग में तमिलनाडु सबसे आगे... 12

# निर्यात का हब बनकर उभर रहा यूपी : योगी

## योगी टाटा की 10 लाखवीं गाड़ी में घूमे: बोले, ये गाड़ियां हमारी जिंदगी का हिस्सा, लखनऊ से 15 देशों में एक्सपोर्ट होती हैं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में टाटा मोटर्स प्लांट में 10 लाख गाड़ियां बन चुकी हैं। बुधवार को सीएम योगी ने 10 लाखवीं गाड़ी (ई-बस) को हरी झंडी दिखाई। उसमें बैठे भी। इस दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने उन्हें गाड़ी की खासियत बताई। सीएम ने कहा- 10 लाखवें वाहन का उत्पादन सिर्फ एक औद्योगिक उपलब्धि नहीं, ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड है। यह उस नए यूपी का प्रतीक है, जो देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा। मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि यह उड़ान रुकने वाली नहीं, बल्कि और अधिक ऊंचाइयां छुएगी। वहीं, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा- आज हम सब यहां 10 लाखवें वाहन के साक्षी बने हैं। यहां कॉमर्शियल व्हीकल का उत्पादन किया जाता है। सप्लायर, पार्टनर और कम्युनिटी का एक मजबूत इकोसिस्टम है। हम अगले 5 साल में 20 लाख व्हीकल बनाएंगे। 10 लाखवीं गाड़ी चिनहट स्थित देवा रोड प्लांट में बनी है। यह प्लांट 1992 में लखनऊ में स्थापित किया गया था। इससे करीब 8 हजार लोगों को रोजगार मिला है। यहां से 15 देशों में टाटा की गाड़ियां एक्सपोर्ट होती हैं।



### हमने यूपी के युवाओं को मार्केट-रेडी वर्कफोर्स बनाया

सीएम ने कहा- जब हम 'मोमेंटम' की बात करते हैं, तो यह केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होता। जहां द्रव्यमान होता है, वहां गति भी होती है। यही गति हमें नई ऊर्जा और ताकत देती है। यूपी 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य है। इसमें 56% युवा हैं। हमने युवाओं को स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़कर उन्हें मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स बनाने का काम किया है। आज यूपी में जो औद्योगिक माहौल बना है, वह केवल कागजों या आंकड़ों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई देता है। बेहतर होती कानून-व्यवस्था, तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत कनेक्टिविटी ये सभी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को नई ताकत दे रहे हैं।

### बचपन से टाटा के वाहनों को जिंदगी का हिस्सा बनते देखा

हम सभी ने बचपन से टाटा मोटर्स के वाहनों को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनते देखा है। चाहे वह बसों में यात्रा हों या ट्रकों के जरिए देशभर में सामान पहुंचाना। समाज की अंतिम जरूरतों को पूरा करने में टाटा समूह हमेशा अग्रणी रहा है। आज भी टाटा का नाम विश्वास, गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक है। लोग मानते हैं कि 'टाटा' का मतलब है- भरोसा। यह भरोसा उनकी मजबूत लीडरशिप, संस्थापकों के मूल्यों और लाखों कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में टाटा के उत्पादों के प्रति विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है।

### टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम योगी के साथ किया गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गुरु गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर आगमन पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दर्शन-पूजन कराने के बाद उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और नाथपंथ तथा इसके महान संतो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्थापित पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने गोरखपुर आए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन बुधवार दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजन किया। मंदिर में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने उन्हें शिवगोरक्ष नामाकृत अंगवस्त्र और मंदिर का प्रसाद भेंट किया। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम योगी के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें नाथपंथ के इतिहास, विस्तार-प्रसार, इस पंथ के प्रवर्तक महायोगी गुरु गोरखनाथ के जीवन दर्शन और नाथपंथ के प्रसिद्ध संतों के बारे में बताया। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के बाद एन. चंद्रशेखरन गोरक्षपीठ की तरफ से आयोजित दोपहर भोज में भी शामिल हुए।

### प्लांट में बनने वाली गाड़ियां 15 देशों में ट्रांसपोर्ट होती हैं

टाटा मोटर्स के सीईओ और एमडी गिरीश वाघ ने कहा, यह मौका हमारे लिए महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इसमें यूपी सरकार के प्रशासनिक सहयोग का बड़ा योगदान है। प्रशासन ने मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा आयाम दिया है। यहां पर लाइट, हैवी व्हीकल के साथ बस का निर्माण किया जाता है, जिनका 15 देशों में ट्रांसपोर्ट होता है। वेस्ट मैनेजमेंट में ये प्लांट जीरो वेस्ट का दर्जा प्राप्त कर चुका है। इस प्लांट की स्थापना के समय से ही हमें रतन टाटा का गाइडेंस मिला।

### 'प्लांट में बनने वाली गाड़ियां 15 देशों में ट्रांसपोर्ट होती हैं'

टाटा मोटर्स के सीईओ और एमडी गिरीश वाघ ने कहा, यह मौका हमारे लिए महत्वपूर्ण माइलस्टोन है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासनिक सहयोग का बड़ा योगदान है। प्रशासन ने मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा आयाम प्रदान किया है। यहां पर लाइट , हैवी व्हीकल के साथ बस का निर्माण किया जाता है, जिनका 15 देशों में ट्रांसपोर्ट होता है। वेस्ट मैनेजमेंट में ये प्लांट जीरो वेस्ट का दर्जा प्राप्त कर चुका है। इस प्लांट की स्थापना के समय से ही हमें रतन टाटा का गाइडेंस मिला।

### यूपी के साथ टाटा की साझेदारी विश्वास-विकास का मजबूत आधार

टाटा समूह ने नमक से लेकर स्टील, ऑटोमोबाइल से लेकर सॉफ्टवेयर, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और रक्षा उपकरणों तक हर क्षेत्र में भारत को सशक्त बनाने में भूमिका निभाई है। यूपी के साथ टाटा समूह की साझेदारी केवल निवेश तक सीमित नहीं है, यह विश्वास और विकास का मजबूत आधार है।

### रोजगार और स्किल डेवलपमेंट का प्रमुख केंद्र बना प्लांट




मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकूल इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा और सुविधाओं के बल पर टाटा मोटर्स का लखनऊ प्लांट 34 वर्षों में निरंतर विकसित होकर नई सोच, निवेश और तकनीकी प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बना है, जहां डीजल से सीएनजी और अब इलेक्ट्रिक व्हीकल व डिफेंस ट्रकों तक का विस्तार भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बदलाव को दर्शाता है। 10 लाखवीं बस, 200 किमी रेंज जैसी आधुनिक तकनीक पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा दे रही है। 5600 से अधिक कार्मिकों के साथ यह संयंत्र रोजगार और स्किल डेवलपमेंट का प्रमुख केंद्र बनकर 'लक्ष्य' प्रोग्राम के तहत युवाओं को अवसर प्रदान कर रहा है। रतन टाटा की परिकल्पना से स्थापित यह प्लांट लगभग 6000 परिवारों की आजीविका का आधार बन चुका है और लाखों लोगों को रोजगार से जोड़ चुका है।

# मौलाना रजवी ने महिला आरक्षण बिल का किया स्वागत, मुस्लिम महिलाओं को सियासत से दूर रहने की दी सलाह

जन एक्सप्रेस । बरेली

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शाहबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला आरक्षण बिल ('नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) में संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आधी आबादी को बराबरी पर लाने का काम कर रहे हैं, जो एक अच्छी पहल है। हालांकि, मौलाना ने मुस्लिम महिलाओं को आज की राजनीति से दूर रहने का मशवरा दिया है। मौलाना रजवी ने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि 2029 के लोकसभा चुनाव में अधिक महिलाएं चुनकर संसद पहुंचें। उनका मानना है कि इससे महिलाओं का नेतृत्व उभर कर सामने आएगा। मौलाना ने बताया कि उनसे बहुत सारे



मुस्लिम नौजवान और मुस्लिम महिलाएं सवाल कर रही हैं। वे जानना चाहती हैं कि मुस्लिम महिलाओं का सियासत में जाना कैसा है। इस पर उन्होंने अपनी मुस्लिम बहनों को बताया कि कल की सियासत और आज की सियासत में जमीन-आसमान का फर्क है। आज की सियासत छल-कपट का जाल है। यह दलदल जमीन की तरह है। सियासी मैदान में महिलाओं को इज्जत, सम्मान और विकार नहीं मिल सकता। इसके साथ ही बेपर्दागी भी होगी।

### इस्लाम और सियासत पर मौलाना की राय

मौलाना ने कहा कि इस्लाम ने महिलाओं को घर की जीनत करार दिया है। उनकी रक्षा, सुरक्षा और सम्मान के नजरिए से इस्लाम इस तरह की सियासत से रोकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिलाओं को आज की सियासत से दूर रहना चाहिए।

### आरक्षण के बावजूद मुस्लिम महिलाओं को सलाह

मौलाना ने बताया कि महिला आरक्षण बिल में संशोधन के बाद 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाएगा। इस आरक्षण से कोई भी महिला फायदा उठा सकती है, चुनाव लड़ सकती है और सियासी मैदान में नेतृत्व कर सकती है। मगर मौलाना ने जोर देकर कहा कि मुस्लिम महिलाएं इस अवसर के बावजूद आज की सियासत से दूर रहें तो ज्यादा बेहतर है।

# लखनऊ की 200 झोपड़ियां जलकर राख, सिलिंडर में हुए लगातार धमाके, आंखों में आंसू लिए अपनों की तलाश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के विकासनगर सेक्टर-14 में बुधवार दोपहर करीब 200 झोपड़ियों में भीषण आग लग गई। आग फैलते ही झोपड़ियों में रखे सिलिंडर और रेफ्रिजरेटर के कंप्रेसर में ताबड़तोड़ धमाके होने लगे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 18 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। दूर-दूर तक धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दीं। राहत-बचाव कार्य जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग की सूचना मिलते ही झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे हैं। उनका सारा सामान जलकर राख हो गया है। चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। जिनकी झोपड़ियां जली हैं, वो लोग रो रहे हैं। बार-बार अपनी झोपड़ी में जाने की जिद कर रहे हैं। फायर ब्रिगेड की 18 गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी हैं।



### परिवार के लोगों को इधर-उधर खोज रही हूं

विकास नगर की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली शमशुनिशां का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना बै कि आग लगने के समय मेरा पूरा परिवार घर में ही था। उनका कोई पता नहीं चल रहा है। मेरा पूरा घर जलकर राख हो गया है। परिवार के लोगों को इधर-उधर खोज रही हूं।

### अग्निकांड पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पहुंचे, राहत-बचाव के दिए सख्त निर्देश

लखनऊ के विकासनगर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उनके साथ जिला अधिकारी, पुलिस कमिश्नर, नगर आयुक्त सहित एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के अधिकारी भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम ने तत्काल आग बुझाने, घायलों के उपचार, भोजन और प्रभावित लोगों के रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन को राहत-बचाव कार्य तेजी से पूरा करने के आदेश दिए गए।

# छत्तीसगढ़ पावर प्लांट हादसा: अब तक 19 की मौत

## 36 लोग झुलसे, वेदांता मृतकों के परिजन को 35-35 लाख मुआवजा और नौकरी देगी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 19 मौतें हो चुकी हैं। 4 की मौके पर ही जान गई, जबकि 13 की मौत रायगढ़ के अलग-अलग अस्पतालों में हुई। 2 की मौत रायपुर के कालड़ा अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया था। मृतकों में 4 छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि बाकी 15 यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से हैं। हादसे में कुल 36 लोग झुलसे हैं, 18 घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। हादसे के बाद प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजन ने हंगामा किया। उन्होंने प्रबंधन पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। कुछ मजदूर लापता हैं। परिजन का कहना है कि प्रबंधन कोई जानकारी नहीं दे रहा है। वहीं कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। वेदांता प्रबंधन ने मृतक परिजन को 35-35 लाख रुपए सहायता राशि और नौकरी देने का ऐलान किया है। घायलों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले पीएमओ ने मुआवजे की घोषणा की थी। पीएमएनआरएफ से हर मृतकों के परिवार वालों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया।

### 2 मजदूरों का इलाज रायपुर में जारी

रायगढ़ के बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ में बनवारी लाल, उपेंद्र और परदेशी लाल चंद्रा का इलाज जारी है। वहीं 2 मजदूरों उमेंद्र और किस्मत अली का रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

### 36 लोग झुलसे, 12 छत्तीसगढ़ के रहने वाले

प्लांट सिक्योरिटी हेड प्रेम झा का कहना है कि हादसे में कुल 36 लोग घायल हुए हैं, जिसमें से 12 लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। बाकी लोग बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के हैं। रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में बुधवार को 7 शवों का पोर्स्टमार्टम किया गया। वहीं 5 मृतकों के परिजनों के नहीं आ पाने के कारण उनका पोस्टमॉर्टम गुरुवार को किया जाएगा।

### मृतकों के परिजन को 1 करोड़ मुआवजा देने की मांग

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मृतकों के परिजनों को 1-1 करोड़ और घायलों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। बैज ने कहा कि इस घटना में 17 मजदूरों की मौत और 36 लोगों के घायल होने की खबर बेहद पीड़ादायक है।

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी: श्रम मंत्री

छत्तीसगढ़ के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि तत्काल जांच के निर्देश दिए गए हैं। हादसे के लिए जिम्मेदार दोषियों पर श्रम कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# मेलोनी जंग में साथ नहीं, शांति की बात बेकार: ट्रम्प

## ईरान को परमाणु हथियार मिले तो 2 मिनट में इटली को उड़ा देगा

- ट्रम्प ने अमेरिका-इटली संबंधों पर भी चिंता जताई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मेलोनी ने ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं दिया और हिम्मत नहीं दिखाई। ऐसे में शांति की बात करना बेकार है। इटालियन अखबार को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा, 'मैं हैरान हूं। मैंने सोचा था उनमें हिम्मत है, लेकिन मैं गलत था।' उन्होंने आरोप लगाया कि मेलोनी का रुख ईरान के मुद्दे पर कमजोर रहा है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अगर ईरान को परमाणु हथियार मिल जाता है, तो वह इटली को 2 मिनट में तबाह कर सकता है। उनके मुताबिक, इस खतरे को समझे बिना शांति की बात करना सही नहीं है। ट्रम्प ने अमेरिका-इटली संबंधों पर भी चिंता जताई। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो देश ईरान मामले में अमेरिका का साथ नहीं देते, उनके साथ संबंध कमजोर पड़ते हैं। इस बीच अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (श्व) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था। अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की वार्ता का समय अभी तय नहीं हो पाया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच सीजफायर समेत कई मुद्दों पर बातचीत जारी है। वार्ता फिर से शुरू करने के लिए उपयुक्त समय तय करने पर चर्चा चल रही है।



### पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ईरान पहुंचे

पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर एक हाईलेवल डेलिगेशन के साथ ईरान पहुंच गए हैं। यहां अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत दोबारा शुरू कराने पर चर्चा होगी। अलजजीरा के मुताबिक, यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका का संदेश लेकर ईरान पहुंचा है और बातचीत को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, वार्ता का दूसरा दौर आने वाले दिनों में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हो सकता है।

### 5 बड़े अपडेट्स

- अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा है कि ईरानी तेल की बिक्री के लिए दी गई अस्थायी छूट अब कुछ दिनों में खत्म हो जाएगी और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।
- यूरोपीय देश युद्ध के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही फिर से सामान्य करने के लिए एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की योजना बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस प्रस्तावित मिशन में अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है।
- कनाडा ने लेबनान के लिए 40 मिलियन डॉलर (करीब 330 करोड़ रुपए) की मदद का ऐलान किया है। यह मदद अंतरराष्ट्रीय संगठनों के जरिए पहुंचाई जाएगी।
- हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 34 सैन्य हमले किए हैं। संगठन के मुताबिक, इन हमलों में इजराइल की बस्तियों, सैनिक जमावड़ों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत अगले 2 दिनों में फिर से शुरू हो सकती है।

### 'हिजबुल्लाह के 200 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया'

इजराइल ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटे में दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के 200 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किया है। इन हमलों में सैन्य ढांचे और लॉन्चर निशाने पर रहे। हमलों से पहले इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी और कहा था कि यह कार्रवाई हिजबुल्लाह की गतिविधियों के कारण की जा रही है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 2 मार्च से अब तक इजराइली हमलों में 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें बच्चे और स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं।

### रिपोर्ट: अमेरिका ने सीजफायर बढ़ाने पर अभी सहमति नहीं दी

अमेरिका ने ईरान के साथ सीजफायर बढ़ाने पर अभी औपचारिक सहमति नहीं दी है। यह जानकारी ष्टहृह ने एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीजफायर बढ़ाने का विकल्प अभी भी खुला है, ताकि वार्ता के लिए और समय मिल सके। ट्रम्प प्रशासन जल्द से जल्द किसी संभावित समझौते तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है।

### 'चीन पहुंचते ही राष्ट्रपति जिनपिंग मुझे 'बिग हग' देंगे'

ट्रम्प ने कहा है कि चीन पहुंचने पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग उनका 'बिग हग' देकर स्वागत करेंगे। उन्होंने दोनों देशों के बीच अच्छे तालमेल की बात कही। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि वह कुछ हफ्तों में चीन दौरे पर जाएंगे और वहां शी जिनपिंग उनसे गर्मजोशी से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन बहुत समझदारी से और अच्छी तरह साथ काम कर रहे हैं और टकराव के बजाय सहयोग बेहतर है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका किसी भी देश से बेहतर लड़ सकता है।

### ईरान बोला, हमारी नाकेबंदी संभव नहीं, कोशिश नाकाम होगी



ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा है कि देश की नाकेबंदी संभव नहीं है और ऐसी कोशिशें नाकाम होंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भड़काऊ कदम सीजफायर को तोड़ सकते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ईरान को ब्लॉक करने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी और इससे कोई परिणाम नहीं निकलेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे कदम मौजूदा सीजफायर को खतरे में डाल सकते हैं और हालात फिर से बिगड़ सकते हैं। ईरान ने यह भी कहा कि वह स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर जवाब देगा।

# प्राथमिकता से कराएं किसान समस्याओं का निराकरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में उर्वरक उपलब्धता, चकबंदी, मंडी समिति, जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत आपूर्ति तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना आदि के अंतर्गत पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र किसान तक पहुँचने में विलंब अक्षम्य होगा। किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री की समय सीमा बढ़ाने की मांग पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए इसके विस्तार के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम सचिवालयों में सचिव एवं लेखपाल की उपस्थिति का एक निश्चित शेड्यूल जारी करें, ताकि स्थानीय स्तर पर ही शिकायतों का समाधान हो सके।

ग्राम पंचायत बियावल में फसल बीमा लाभ से वंचित 118 किसानों के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने तत्काल जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए। मऊ स्थित नवीन गेहूं क्रय केंद्र पर बोरों की अनुपलब्धता की शिकायत पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी को स्वयं निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ दलहन, ज्वार, बाजरा एवं मोटे अनाजों की खेती पर विशेष ध्यान दें, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो सके और किसानों की आय में वृद्धि हो। विद्युत बिलिंग से संबंधित विसंगतियों के निस्तारण के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को कैंप लगाकर समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया गया। अतरौली माफी गौशाला की स्थिति पर जिलाधिकारी ने कहा कि इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाएं (एनजीओ) गौशाला संचालन के लिए आगे आ सकती हैं। उन्होंने किसान यूनियन के सदस्यों से अपील की कि वे ग्राम पंचायतों में संवाद स्थापित कर सुनिश्चित करें कि गौवंशों को खुला न छोड़ा जाए। इसी क्रम में रेहुटिया में नाला कटान की समस्या पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि स्थल निरीक्षण कर मनरेगा के माध्यम से कार्य योजना तैयार करें, ताकि कटान को रोका जा सके।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त प्रत्येक संदर्भ को समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा, खाद्य एवं विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा सहित संबंधित अधिकारी व प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की रुपरेखा निर्धारित

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति की तैयारी बैठक बुधवार को जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। जिसमें जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर के चर्चा की गई। समिति के प्रवक्ता गणेश मिश्र ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आगामी 19 अप्रैल रविवार को ऋषि सत्संग भवन ब्रह्मचर्य इंटर कॉलेज के पास आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भव्य भजन एवं शोभा यात्रा कार्यक्रम भी आयोजित होगा। बताया कि शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकली जाएगी। साथ ही भजन कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने की अपील की। इस मौके पर समिति सदस्य बराती लाल पांडेय, अखिलेश पांडेय, बादल मिश्र, विपुल मिश्रा, पंकज शुक्ला, डॉ सुरेंद्र द्विवेदी, हर्ष त्रिपाठी, राम प्रकाश द्विवेदी, रामसागर चतुर्वेदी, विजय शुक्ला, अरुण मिश्र, हीरो मिश्र, विनीत पयासी, गायत्री पांडेय, अभिषेक भाई, वीरेंद्र पांडेय, गांगुली महराज, विनोद द्विवेदी खटवारा सहित सकैडों लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा ने निकाली बाइक रैली



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत मानव श्रृंखला व हस्ताक्षर अभियान के साथ बाइक रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है और यह अधिनियम उस दिशा में मजबूत पहल है। इस अधिनियम से समाज में समानता को बल मिलेगा। इसी के साथ जिला महामंत्री अभियान संयोजक अंजू वर्मा ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से समाज में समानता को बल मिलेगा और आने वाले समय में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और अधिक सशक्त होकर सामने आएगी अब लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ। जब से केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब से महिलाएं सशक्त हुई हैं।

जिला उपाध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं की अग्रणी भूमिका है। आबादी में 50 फीसदी भागीदारी रखने वाली मातृ शक्ति का सच्चे अर्थ में सम्मान भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सम्भव हुआ है। जी20 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने दुनिया को यह एहसास कराया की मातृशक्ति बेटियां न केवल नीतियों में सहभागिता कर सकती हैं बल्कि निति निर्धारण में अपने पद को भी सुरक्षित कर पाने में सक्षम है।

इस मौके पर कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला प्रभारी अनिल यादव, राजेश्वरी द्विवेदी, अश्विनी अवस्थी, राखी चैबे, शकुंतला गुप्ता, साधना सिंह, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, रवि गुप्ता, प्रेमलाल वाल्मीकि, जवाहर सोनी सहित आशीष रघुवंशी मौजूद रहे।

# बाबा साहब के सम्मान में खत्री पहाड़ में आयोजित हुई विधानसभा संगोष्ठी

जन एक्सप्रेस। बांदा



सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गिरवां खत्रीपहाड़ में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को समर्पित ÷सम्मान अभियान 2026÷ के अंतर्गत एक भव्य विधानसभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों,पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्बरीष कुमारी रहीं।उनके साथ जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत,विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, विधायक नरैनी ओममनी वर्मा, पूर्व विधायक राजकरण कबीर, ब्लॉक प्रमुख महुआ उर्मिला कबीर, जिला उपाध्यक्ष राजभवन उपाध्याय, कार्यक्रम संचालक एवं जिला पंचायत सदस्य सदाशिव अनुरागी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्षों एवं भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महुआ प्रेमस्वरूप द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष बिसंडा विनय कुशवाहा, नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष संतोष राजपूत, चेयरमैन बिसंडा कन्हैया लाल, वरिष्ठ नेता रामपाल प्रजापति, पूर्व प्रधान गंगादीन वर्मा, राममिलन वर्मा, मूलचंद वर्मा सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया गया।

## साड़ी खण्ड एक के मोरंग खनन माफिया ने किसान की निजी भूमि पर बनाया अवैध रास्ता

जन एक्सप्रेस/बांदा। पैलानी तहसील क्षेत्र के साड़ी खण्ड एक की खदान के संचालक की दबंगई इस कदर हावी है कि किसान की निजी भूमि पर जबरन रास्ता बनाकर बालू का अवैध परिवहन धडल्ले से किया जा रहा है।

पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी,आयुक्त, उपजिलाधिकारी सहित मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है ।सीएम को भेजे पत्र में अलोना निवासी छोटा पुत्र फकीरे सिंह ने बताया है कि उसकी निजी भूमि ग्राम साड़ी में जिसका गाटा संख्या 1131,1141 पंकज चतुर्वेदी निवासी खप्टिहाकला द्वारा साड़ी खण्ड एक में रास्ते के लिए 90 हजार रूपये में तय की गयी थी ।लेकिन खदान संचालक और पंकज चतुर्वेदी द्वारा पांच-पांच हजार रूपये दो किश्तों में दिये गये। शेष 80 हजार रूपये की रकम मांगने पर उसको उसको गाली-गलौज और मुकदमो में फंसाने की धमकी देकर भगा दिया ।इतना ही नहीं खदान संचालक द्वारा उसकी बिना अनुमति के खड़ी फसल में रास्ता बनाकर रौंदा डाला।

# राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के नवप्रवेशी छात्रों का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया सम्मान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति छात्रावास जनपद के बेड़ीपुलिया में रह रहे नवप्रवेशी अनुसूचित जाति के बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं को माला पहनाई और सामान्य ज्ञान की पुस्तक देकर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि प्रदेश संगठन ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजकीय अनुसूचित छात्रावास के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम में अभ्युदय कोचिंग की आधा दर्जन मेधावी छात्राओं को भी जिलाध्यक्ष द्वारा सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समानता, शिक्षा, स्वास्थ्य, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकार संविधान में हम सबको दिया है। यही वजह है कि आज हम लोग शिक्षित होकर यहां तक पहुंचे, एक युग था कि छुआछूत भेदभाव के चलते अनुसूचित जाति का कोई भी व्यक्ति पढ़ाई नहीं कर सकता था, बाबा साहब ने संघर्ष करके संविधान की रचना करके सबको समानता का अधिकार प्रदत किया है। इसके साथ ही कहा कि भाजपा सरकार ने बाबा साहब के सम्मान में पंचतीर्थ स्थल विकसित किए हैं, जो देखने योग्य हैं, इन छात्रों को भी ऐसे स्थानों का भ्रमण कराया जाना चाहिए, वहीं हर जिले में अनुसूचित जाति की गर्ल्स के लिए कम से कम दो हॉस्टल होना चाहिए। उन्होंने हॉस्टल की लाइब्रेरी में प्रतियोगी पुस्तकों की उपलब्धता का भी आश्वासन दिया।

सभासद शंकर यादव ने कहा कि मोदी और योगी सरकार द्वारा बाबा साहब के अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। बाबा साहब ने शिक्षा, समता, समानता का जो अधिकार दिया है उसका हमें अपने जीवन में लाभ उठाकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी, अभ्युदय कोचिंग के प्रधानाचार्य सीपी पांडेय, छात्रावास अधीक्षिका माया जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल जिला संयोजक संजय पांडेय, जिला मंत्री अखिलेश रैकवार, किसान मोर्चा के अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

जन एक्सप्रेस। बांदा



नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश में लागू करने को लेकर लोकसभा में पेश होने वाले बिल समर्थन में भाजपा की महिलाओं ने स्कूटी रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।उन्होंने कहा कि यह अधिनियम 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अहम् भूमिका निभाएगा।नगर पालिका परिषद से निकाले गये जुलूस को नगर पालिकाध्यक्ष मालती बासू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम कि संयोजक व जिला महामंत्री ममता मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये देश में बड़ा बदलाव लाने का प्रयास किया है जो कि स्वागत योग्य है। 2026 में भारत नारी शक्ति की भागीदारी का स्वर्णिम अध्याय लिखने वाला है आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा स महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता ने कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद अब महिलाओं कि आवाज संसद और विधानसभाओं में और भी मुखर होगी। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं है बल्कि करोडों महिलाओं के सपनों व अधिकारों की जीत है।यह समानता,सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है।

## योगी सरकार ने जनपद में संवारी गरीबों की तकदीर,1.33 लाख परिवारों के अपने घर का सपना हुआ साकार

जन एक्सप्रेस/बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में बुंदेलखंड के जनपद ने विकास की एक नई उड़ान भरी है ।हर गरीब को छत देने के संकल्प के साथ जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के जरिए बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जिले के 1 लाख 33 हजार से अधिक जरूरतमंदों को उनका अपना पक्का घर मिल चुका है ।जिससे उनके जीवन स्तर में क्रांतिकारी सुधार आया है और जिले में आवास योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचाया गया है।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सबसे अधिक 107030 पात्र लाभर्थियों को पक्का मकान मुहैया कराया गया है ।वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में भी पिछड़े और गरीब परिवारों का ध्यान रखते हुए 19057 लोगों को उनके सपनों का घर दिया गया है।

# डॉ0भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। बांदा



डा.भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर युवराज अंबेडकर एजुकेशनल ट्रस्ट की मुख्य भूमिका में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम शहर के बाम्बेश्वर पहाड़ के नीचे अंबेडकर बस्ती स्थित युवराज अंबेडकर एजुकेशनल ट्रस्ट मुख्य शाखा नं. 1 में संपन्न हुआ। ट्रस्ट के संस्थापक अंकित अंबेडकर के नेतृत्व में सुबह डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण किया गया तथा बच्चों को मिठाई वितरित की गई।इस दौरान शिवचरण समुद्रे द्वारा बच्चों को कॉपी,किताब एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही एसडी सेवा संस्थान द्वारा राजेश एवं प्रीति के माध्यम से भी बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं। शाम को बच्चों के लिए कला प्रतियोगिता (पर्यावरण विषय) एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें बाबा साहब के जीवन व योगदान पर बच्चों ने अपने विचार रखे।प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओम नारायण त्रिपाठी ÷विदीत÷ एवं शुभम कौशिक,चौकी प्रभारी कालवनगंज उपस्थित रहे।उनके द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कराया गया तथा बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# संविधान रचयता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर विशाल रैली का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



कुरारा में महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर लालमन पुलिया होते हुए ब्लॉक तक गई और वहाँ से वापस अम्बेडकर पार्क में समापन हुई। रैली में स्थानीय लोगों ने बड़े चाव और उत्साह से भारी संख्या में हिस्सा लिया। रैली में सम्माननीय ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, अध्यक्ष अशारानी कबीर ने रैली में बोलते हुये कहा कि हम सब बाबासाहब के बताये हुये आदर्शों पर चलकर समानता, न्याय और शिक्षा के संदेश को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## 25, 26 व 27 अप्रैल को होमगार्ड पदों की होगी लिखित परीक्षा

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर ने बताया कि उप महानिरीक्षक भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के अनुसार उत्तर प्रदेश में होमगार्डस के पदों की लिखित परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रति दिवस दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा जनपद चित्रकूट के 7 चयनित परीक्षा कन्द्रों पर प्रत्येक दिन दो पाली में होनी है। परीक्षा को सभी व्यवस्थाओं सहित शांतिपूर्ण निर्विघ्न रूप से सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए भर्ती बोर्ड से निर्देश प्राप्त किए जा चुके हैं। जिससे परीक्षार्थी एवं स्टाफ को परीक्षा केन्द्र तक पहुचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उल्लेखनीय है कि अराजक तत्वों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं के तहत कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

# डॉ0.भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

जन एक्सप्रेस। बांदा



मंगलवार की शाम संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष्य में डाक्टर धनंजय,और नज़रे आलम के संरक्षण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन शहर के कालू कुआं स्थित नटराज संगीत महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में शहर की जानी मानी चिकित्सक डाक्टर नीलम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला अस्पताल की जनरल सर्जन डॉ प्रतीक्षा गुप्ता मौजूद रहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम डिप्टी कलेक्टर इरफान उल्ला ख़ाँ ने की संचालन युवा कवि अनुराग विश्वकर्मा ने किया ।सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला,एस.डी.एम इरफान उल्ला ख़ाँ,डाक्टर नीलम सिंह, डाक्टर प्रतीक्षा,डाक्टर ओम शर्मा ओम,ने डीप प्रज्जवलित कर इस कार्यक्रम की शुरुआत की।प्रयागराज से आयीं कवयित्री आयुषी त्रिपाठी ने ये कविता पढ़ी,÷हो वन्दे मातरम ही शब्द अंतिम क्षण मेरे मुख पर मेरे भारत की खातिर खत्म मेरी ज़िंदगानी हो÷बाराबंकी से आये कवि डा. ओम शर्मा ओम ने कई कविताएं सुनाई, ÷खाक में राज़ को दबा देंगे, शोर से साज़ को दबा देंगे, आप सोंचेंगे सच को सच बोलें, लोग आवाज़ को दबा देंगे÷

मुख्य अतिथि डाक्टर नीलम सिंह ने माँ पर बेहतरीन कविता सुनाई अध्यक्षता कर रहे एस डी एम इरफान उल्ला खां ने भी कई शेर सुनाए ।इनके अलावा अनिल द्विवेदी,डाल चंद अकेला,दयानंद, योगेश कुमार,अमन यादव आदि ने भी अपनी अपनी कविताएं सुनाई। इस अवसर पर सभी अतिथियों कवियों के साथ साथ जनपद की कई तहसीलों से आये हुए युट्यूबर्स को भी सम्मानित किया गया,इस आयोजन में विशेष रूप से बांदा पैरामेडिकल एन्ड नर्सिंग कॉलेज,किड्जी प्ले स्कूल, इन्वेंटर कोचिंग सेंटर आदि ने विशेष योगदान किया ।इस कार्यक्रम में श्वेता,काजल,अशरफ खान,एनिस, आदि का सहयोग रहा ।कार्यक्रम के अंत मे आयोजक अनुराग विश्वकर्मा ने सभी का आभार्य व्यक्त किया।



**विपक्ष करेगा महिला आरक्षण बिल का विरोध...**

देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन... पढ़ें पेज 12 पर...

# उत्तर प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति की जाए सुनिश्चित : मुख्य सचिव

- प्रवासी श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के कामगारों को 5 किलो के एफटीएल सिलेंडर कराए जाएं उपलब्ध

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्थान पर गैस की किल्लत न होने पाए। कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्त निगरानी रखी जाए। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में निवास करने वाले प्रवासी श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के कामगारों की पहचान कर विशेष शिविरों के माध्यम से उन्हें 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे उन्हें भोजन पकाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## पीएनजी कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया को दी जाए गति

मुख्य सचिव ने पीएनजी गैस कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक गति देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों तथा हाईराइज इमारतों में पीएनजी पाइपलाइन पहुंच चुकी है, वहां के निवासियों को पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त, पीएनजी पाइपलाइन बिछाने से संबंधित लंबित एनओसी एवं स्वीकृतियों का त्वरित परीक्षण कर उन्हें शीघ्र जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा 2,04,795 पीएनजी कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 14 मार्च 2026 से अब तक 46,954 घरेलू पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और प्रतिदिन लगभग 1,700 से 1,800 कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री किसान योजना के 82.35 प्रतिशत लाभार्थियों का पंजीकरण पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 32,47,774 गैर-पीएम किसान भी पंजीकृत किए गए हैं, जिससे कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 2,09,48,604 तक पहुंच गई है।

### प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को बांटे क्षतिपूर्ति राशि

उन्होंने प्रदेश में हाल ही में हुई अतिवृष्टि, ओलावृष्टि तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के संदर्भ में कहा कि फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए धनराशि जनपदों को जारी कर दी गई है। विशेष शिविरों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्षतिपूर्ति राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी प्रभावित किसान राहत से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को शीघ्र लाभान्वित करने की प्रक्रिया को भी तेज करने पर जोर दिया।

### किसी भी जिले में न हो अवैध शराब की बिक्री

मुख्य सचिव ने अवैध शराब के विरुद्ध सख्त अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित हॉटस्पॉट एवं संवेदनशील क्षेत्रों में वैध दुकानों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी जिले में अवैध शराब की बिक्री न होने पाए और इससे संबंधित किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को पूर्णतः समाप्त किया जाए। इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर छापेमारी कर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाए।

### फार्मर रजिस्ट्री में किसानों के पंजीकरण कार्य में लाएं तेजी

कृषि क्षेत्र से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण 30 अप्रैल तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष किसानों के पंजीकरण कार्य में तेजी लाई जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। जिलों को कम संतृप्ति वाले गांवों का चयन कर 100 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी भूमिधर किसान, चाहे वे पीएम किसान योजना के लाभार्थी हों या नहीं, फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत हों। उन्होंने कहा कि किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह भी अवगत कराया गया कि 15 मई, 2026 से उर्वरक, बीज एवं अन्य कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य होगी।

# लव जिहाद के विरुद्ध 19 अप्रैल को लखनऊ में होगी महापंचायत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा द्वारा 'एक युद्ध - लव जिहाद के विरुद्ध' अभियान के अंतर्गत 19 अप्रैल को पटेल स्मारक पार्क, हजरतगंज में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत का उद्देश्य समाज को जागरूक करना, बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा लव जिहाद जैसे गंभीर मुद्दे पर व्यापक जनसंवाद स्थापित करना है। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक अनुराग शुक्ला ने बुधवार को प्रेसक्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि बीते कुछ समय से लगातार ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें सुनियोजित तरीके से हिंदू बेटियों को प्रेम के जाल में फंसाकर उनका शोषण और धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह केवल व्यक्तिगत घटनाएं नहीं, बल्कि एक बड़े षड्यंत्र का हिस्सा होती हैं, साथ ही इसका आतंकवाद से भी कहीं न कहीं कनेक्शन होता है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। संघर्ष मोर्चा का यह भी आरोप है कि इस प्रकार की गतिविधियों के पीछे संगठित नेटवर्क सक्रिय होते हैं, जिनकी फंडिंग और संचालन की जांच आवश्यक है। सरकार और प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई करते हुए दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए । हाल ही में लखनऊ में हुई लव जिहाद की घटनाएं जैसे कि केजीएमयू मेडिकल कॉलेज में लव जिहाद का केस सामने आया था साथ ही कुछ दिन पहले गोमतीनगर थाने में एक युवती को नौकरी दिलाने के बहाने पहले दोस्ती की फिर प्रेमजाल में फंसाया फिर शोषण इस प्रकार की घटनाएं आम है, अभी लखनऊ हाईकोर्ट में भी लव जिहाद की शिकार महिला ने खुदकुशी करने का प्रयास किया। महापंचायत में लखनऊ जिले से सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि, संत-महात्मा, महिला संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल होंगे। प्रेसवार्ता में विजय बहादुर (अध्यक्ष अवध जागरण न्यास) कृष्ण कुमार मिश्रा (सांस्कृतिक गौरव संस्थान), ज्योत्सना श्रीवास्तव (सामाजिक कार्यकर्ता) विकास शुक्ला (महानगर प्रभारी) संतोष सिंह तिलन, के के दीक्षित, विजय कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरु हुआ अधिनियम के समर्थन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरुकता अभियान



- अधिनियम 'सशक्त नारी, सशक्त भारत' की संकल्पना को साकार करता: डॉ. भावना मिश्रा
- अधिनियम लागू होने के बाद महिलाओं को ऐतिहासिक भागीदारी मिलेगी: डॉ. संजय शुक्ला

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन और प्रभावी क्रियान्वयन के जागरुकता अभियान प्रारंभ हुआ। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा एवं मुख्य छात्रावास अभिरक्षक प्रो. आशीष अवस्थी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस दौरान उ.प्र. राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला एवं लेखाधिकारी अंतरा बनर्जी विशेष रूप से उपस्थित थे। हस्ताक्षर अभियान के साथ ही विश्वविद्यालय में अध्ययन/अध्यापन करने वाले शिक्षकों, छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारियों को अधिनियम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 'सशक्त नारी, सशक्त भारत' की संकल्पना को साकार करता है। जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया (विधायिका) में होंगी, तो शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार होंगे। यह कानून देश के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और गौरवशाली बनाने का काम करता है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की विशेषताओं के संबंध में डॉ. संजय शुक्ला ने कहा कि अधिनियम लागू होने के बाद महिलाओं को ऐतिहासिक भागीदारी मिलेगी। लोकसभा और विधानसभाओं में एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएगी। जिससे महिला सशक्तिकरण का सपना साकार हो जाएगा। यह अधिनियम न केवल राजनीतिक, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करता है। अभियान के पहले दिन बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र/छात्राएं और कर्मचारी सहभागिता की।

# लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को कला और सिनेमा के महाकुंभ 'लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' का आगाज़ हुआ। समारोह का उद्घाटन वरिष्ठ अभिनेता डॉ.अनिल रस्तोगी और फेस्टिवल के संस्थापक व आयोजक आयूब खान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान भारतीय सिनेमा की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फेस्टिवल के पहले दिन ज्यूरी द्वारा चयनित 12 फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग की गई, जो देर तक चली। प्रदर्शित प्रमुख फिल्मों में जसवंत सिंह झज्ज द्वारा निर्मित और अमरदीप सिंह गिल द्वारा निर्देशित फिल्म 'पाणी द वॉटर, आशा सकलानी द्वारा निर्मित व देबू रावत द्वारा निर्देशित फिल्म 'निखान्या जोग, ओमकार राउत द्वारा निर्मित और जतिंदर सैराज निर्देशित 'मिशन परफॉरमेंस',आतिश कुमार राउत की फिल्म 'आरव' (निर्देशिका सबिता), चरणपाल सिंह की 'लॉर्ड्स सिग्नल' शामिल रहीं। इस अवसर पर फिल्म जगत के नामचीन कलाकार, निर्माता, निर्देशक और तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे, जिन्होंने दर्शकों के साथ सिनेमाई बारीकियों पर चर्चा की। आयोजन के संस्थापक आयूब खान ने बताया कि यह फेस्टिवल विश्व सिनेमा और स्थानीय प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान करने का एक निरंतर प्रयास है।

# मुख्यमंत्री योगी ने इटावा और चंदौली समेत कई जिलों में फसलों में आग लगने की घटनाओं का लिया संज्ञान, मुआवजा देने के निर्देश

- किसानों को राहत देने के काम में नहीं होनी चाहिए कोई ढिलाई : मुख्यमंत्री

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली, इटावा, चंदौली समेत कई जिलों में फसल में आग लगने की घटनाओं का लिया संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मौके पर जाकर नुकसान का आकलन कर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करें। इसके लिए संबंधित बीमा कंपनियों से समन्वय बनाते हुए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संबंधित जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर हाल में नुकसान का आकलन कर पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिया जाये और अगर किसी भी पीड़ित किसान को राहत देने में ढिलाई बरती गयी तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस काम में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जायेगी। उल्लेखनीय है कि बेमौसम बारिश से पहले से ही किसानों को भारी नुकसान हो चुका है और अब अलग-अलग कारणों से फसलों में आग लग रही है और इससे बडी संख्या में आग लगने की घटनाएं हुई हैं। फसलों की भारी क्षति हुई है, इसलिए किसानों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने बडा कदम उठाते हुए दिशा-निर्देश दिए हैं।

# उत्तर प्रदेश में समय पर वाहनों की फिटनेस, बीमा न होने पर होगा ई-चालान : दयाशंकर सिंह

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिये है कि उ0प्र0 परिवहन विभाग भी भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) द्वारा जारी ई-डिटेक्शन प्रणाली को अपने यहां लागू करेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली सड़कों पर बिना उचित अनुपालन के चलने वाले वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध स्वचालित रूप से ई-चालान जारी करने में सक्षम है। परिवहन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने इस राष्ट्रीय पहल के अनुरूप प्रदेश में ई-डिटेक्शन मॉड्यूल लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। जिसके क्रम में एनआईसी, लखनऊ को ई-डिटेक्शन मॉडूल पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लखनऊ जनपद इटौंजा टोल प्लाजा एवं बाराबंकी जनपद-अहमदपुर टोल प्लाजा में लाइव किये जाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रथम चरण के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के उपरांत इस योजना को पूरे उत्तर प्रदेश में चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में परिवहन यान के अंतर्गत आने वाले वाहनों की फिटनेस, बीमा, पीयूसीसी (प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र), एचएसआरपी, पंजीयन प्रमाण-पत्र की जांच की जायेगी। गैर परिवहन यान के अंतर्गत वाहनों की वैधता एवं वाहन के अप्रयोग (नान यूज), गैर-परिवहन यान बीमा, पीयूसीसी, पंजीयन प्रमाण-पत्र वैधता एवं एचएसआरपी। परिवहन मंत्री ने बताया कि ई-डिटेक्शन प्रणाली से टोल प्लाजा से गुजरने वाले नियम उल्लंघनकर्ता वाहनों का स्वचालित पता लगाकर ई-चालान जारी होगा। इससे परिवहन प्रवर्तन कार्यवाही में तेजी आएगी, वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति अनुशासन एवं जागरूकता बढ़ेगी, फिटनेस, बीमा, पीयूसीसी (प्रदूषण अवमुक्त प्रमाण-पत्र), एचएसआरपी, पंजीयन प्रमाण-पत्र वैधता के बिना संचालित वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। साथ ही पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रवर्तन प्रणाली लागू होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि यह प्रणाली प्रदेश में सुशासन एवं स्मार्ट प्रवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने समस्त वाहन चालकों/स्वामियों से अपील है कि वे अपने वाहनों की फिटनेस, बीमा, पीयूसीसी एवं अन्य अनुज्ञापत्र समय पर नवीनीकृत कराएं।

# स्कूलों में आज से शुरू होगा 'जल संरक्षण अभियान'



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

योगी सरकार ने जल संरक्षण को लेकर निर्णायक पहल करते हुए इसे सीधे स्कूलों से जोड़ दिया है। 'जल शक्ति अभियान' के अंतर्गत 16 से 30 अप्रैल तक प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 'जल पखवाड़ा' आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से लाखों छात्र जल संरक्षण के प्रति न केवल जागरूक होंगे, बल्कि जल बचाने की जिम्मेदारी भी सक्रिय रूप से निभाएंगे। इस पहल के जरिए जल संरक्षण को जनभागीदारी से जुड़ा अनिवार्य दायित्व बनाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत स्कूली कक्षाओं से लेकर संपूर्ण समाज तक व्यापक प्रभाव डालेगी। अभियान की विशेषता इसकी सुदृढ़ मॉनिटरिंग व्यवस्था है। सभी विद्यालयों के लिए प्रतिदिन की गतिविधियों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग अनिवार्य की गयी है। ट्रैकर के माध्यम से प्रतिभागियों की संख्या, गतिविधियों का विवरण तथा फोटो व वीडियो अपलोड करने होंगे। इसके लिए जनपद स्तर पर बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। योगी सरकार की मंशा जल संरक्षण अभियान को व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप देने की है, ताकि समाज में जल संरक्षण के प्रति स्थायी सोच एवं व्यवहार विकसित हो सके। महानिदेशक बेसिक शिक्षा मोनिका रानी के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में पेयजल स्रोतों एवं जल भंडारण स्थलों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जल निगम की प्रयोगशालाओं के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक शुद्धिकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालयों में जल संरक्षण विषयक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच संवाद व जनजागरूकता गतिविधियों को भी शामिल किया गया है, जिससे यह अभियान व्यवहार परिवर्तन का माध्यम बन सके।

### विद्यालयों की प्रार्थना में 'जल शपथ'

जल पखवाड़ा के दौरान विद्यालयों को जल संरक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जल संरक्षण विषय पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें जल निगम, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रतिदिन प्रार्थना सभा में 'जल शपथ' दिलाई जाएगी और छात्रों व अभिभावकों के बीच जल संरक्षण से जुड़ी जानकारियों का प्रसार किया जाएगा, ताकि यह अभियान घर-घर तक प्रभावी रूप से पहुंचे।

# दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026 का आधिकारिक कर्टेन रेजर जारी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026 का 17 व 18 अप्रैल को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा भव्य आयोजन

दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 व 18 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मार्स हॉल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम कैबिनेट मंत्री दुग्ध विकास, पशुधन एवं राजनैतिक पेंशन, धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास, मुकेश कुमार मेश्राम, दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में बुधवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का आधिकारिक कर्टेन रेजर जारी किया गया। अपर मुख्य सचिव, पशुधन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न माध्यमों से प्रदेश के 10 हजार पशुपालकों/दुग्ध उत्पादकों एवं निवेशकों को प्रतिभाग कराते हुए विभाग के क्रिया-कलापों व विभागीय योजनाओं से अवगत कराया जायेगा। साथ ही वेब कास्टिंग/लाइव यूट्यूब के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों के साथ-साथ देश-विदेश के लाखों गौ पालक/निवेशकों को जोड़ा जायेगा। विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले पशुपालकों एवं निवेशकों को सम्मानित/पुरस्कृत किया जाएगा। निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित निवेशकों द्वारा अपने स्टॉल कियोस्क के माध्यम से दुग्ध उत्पाद/नवाचार इत्यादि का प्रदर्शन किया जायेगा एवं डेयरी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी, स्वदेशी नस्ल के गौ पालन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर विचार विमर्श एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ विषय विशेषज्ञों द्वारा साझा की जायेगी एवं स्वदेशी व्यंजनों का फूड कोर्ट भी लगाया जायेगा।

# किसानों को प्रमाणित और संकर बीजों पर मिलेगी सब्सिडी

- बीज योजनाओं के लिए 670 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न बीज योजनाओं के अंतर्गत महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इन स्वीकृतियों के माध्यम से प्रदेश में खाद्यान्न, दलहन और तिलहन के बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ किसानों को उन्नत किस्म के बीजों पर सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। कृषि विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बीज भण्डार (खाद्यान्न, दलहन, तिलहन एवं बीज की लागत) के लिए 45,000 लाख रुपये (4 अरब 50 करोड़ रुपये) की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इसके साथ ही, राज्य सेक्टर की योजना के तहत प्रमाणित बीजों के वितरण पर किसानों को सब्सिडी प्रदान करने हेतु 20,000 लाख रुपये (2 अरब रुपये) की धनराशि स्वीकृत की गई है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के अनुसार कृषि में उत्पादकता बढ़ाने के लिए संकर बीजों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 1,500 लाख रुपये (15 करोड़ रुपये) की सब्सिडी राशि स्वीकृत की गई है। बीजों के सुरक्षित भंडारण के लिए बोरियों की लागत और संबंधित व्यय के लिए 400 लाख रुपये (4 करोड़ रुपये) का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, कपास एवं बिनाले के बीजों की लागत और प्रासंगिक व्यय के लिए 135 लाख रुपये (1 करोड़ 35 लाख रुपये) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# महिला आरक्षण बिल पर अजय राय का पहला बयान, बोले-कांग्रेस लाई थी प्रस्ताव, नोएडा मामले में सरकार विफल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ में अजय राय ने महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले कांग्रेस ही यह बिल लेकर आई थी और यदि भाजपा की मंशा साफ होती तो इसे 2014 में ही लागू कर दिया जाता। साथ ही उन्होंने नोएडा मामले में सरकार को विफल बताते हुए श्रमिकों को 25 हजार रुपये मानदेय देने की मांग की। अजय राय ने कहा कि सरकार को श्रमिकों के हितों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए और तत्काल राहत प्रदान करनी चाहिए। वहीं, अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी ने जिससे शादी की, उनका भी ध्यान नहीं रखा। ऐसे में उनके मुंह से महिला सम्मान स्वाभिमान की बात करना शोभा नहीं देती है। कानपुर में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि उप्र सरकार ब्राह्मणों को निशान बना रही है। पहले एक फिल्म के जरिये और अब सरकारी दस्तावेज यानी एसआई की भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र में ब्राह्मणों को अवसरवादी बताकर। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे सरकार की मंशा साफ नजर आ रही है। कहा कि कांग्रेस पार्टी ब्राह्मणों को साथ है। जाजमऊ में आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में उन्होंने कहा कि वह स्वयं भूमिहार ब्राह्मण हैं। उनकी पार्टी के अपने पूरे कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में छह ब्राह्मण मुख्यमंत्री दिए हैं। प्रदेश में गैस सिलिंडर की किल्लत पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में लोग परेशान हैं। इसकी वजह से वाराणसी में अन्नपूर्णा रसोई बंद हो गई और अयोध्या की सीता रसोई का संचालन भी संकट है।

# भीषण सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से डीसीएम चालक की मौत, क्लीनर गंभीर

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया।यह हादसा जनपद क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के प्वाइंट संख्या 60 पर हुआ।जानकारी के अनुसार लखनऊ से गाजीपुर की ओर केला लादकर जा रही डीसीएम को पीछे से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी,कि चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया,जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल होकर वाहन में फंस गया।सूचना मिलते ही यूपीडा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल क्लीनर को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार ले जाया गया।वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।तथा फरार अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय तक एक्सप्रेसवे पर यातायात भी प्रभावित रहा।



# रायबरेली में मौत का तांडव: बीच सड़क 'आग का गोला' बनी डीसीएम, रेल कोच फैक्ट्री के पास मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मंगलवार को उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब रफ्तार भर रही एक डीसीएम देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गई। धू-धू कर जलती गाड़ी और आसमान छूता काले धुएं का गुबार देखकर राहगीरों के हाथ-पांव फूल गए। घटना रायबरेली-लालगंज मार्ग स्थित मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री के गेट के ठीक सामने की है। जैसे ही चलती डीसीएम से आग की लपटें बाहर निकलीं, चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी रोकी और कूदकर अपनी जान बचाई। चंद मिनटों में ही पूरी गाड़ी आग की आगोश में थी। मंजर इतना डरावना था कि सड़क पर ट्रैफिक थम गया। हालांकि, डर के बीच स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाई और फौरन बाल्टियों से पानी डालना शुरू किया, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि काबू पाना मुश्किल हो रहा था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी सायरन बजाती हुई मौके पर पहुंची। फायर फाइटर्स ने बिना वक्त गंवाए चारों तरफ से पानी की बौछारें (वॉटर फव्वारे) शुरू कीं। काफी मशक्कत के बाद जब आग बुझी, तब जाकर प्रशासन और राहगीरों ने राहत की सांस ली। गनीमत रही कि इस भीषण अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन ट्रक का अगला हिस्सा और उसमें रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया है।

# नारी शक्ति बंदन अधिनियम पर जागरूकता कार्यक्रम

## महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव ने महिलाओं को किया संबोधित

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



बुधवार को गौरीगंज तहसील सभागार में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में राज्य महिलाआयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष,भाजपा पदाधिकारी, महिला जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न वर्गों की बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व अपर्णा यादव ने अमेठी कस्बे स्थित प्राचीन काली मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि भी उनके साथ मौजूद रहे।

तहसील सभागार में आयोजित सम्मेलन में आशा बहुएं,आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, किसान यूनियन की महिला सदस्य तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह आयोजन भाजपा के 'नारी शक्ति वंदन अभियान' के अंतर्गत संपन्न हुआ।अपने संबोधन में अपर्णा यादव ने महिलाओं को संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की जानकारी देते हुए उन्हें सशक्त बनने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अभियान' देश के संविधान का 106वां संशोधन है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।कार्यक्रम के समापन पर अपर्णा यादव ने तहसील परिसर से पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी,उप जिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी,मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह,जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# युवती की गला काटकर की हत्या: आरोपी गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग में वारदात की आशंका

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जनपद के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चतुरीपुर गांव में एक 24 वर्षीय युवती की निर्मम हत्या कर दी गई।युवती का शव गांव के बाहर नहर किनारे खेत में मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार मृतका अमिता देवी पुत्री अवधेश द्विवेदी मंगलवार रात भोजन के बाद घर के बाहर टहलने निकली थी,लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी।परिजनों ने तलाश की,किंतु अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिली।बुधवार सुबह ग्रामीणों ने घर से लगभग100 मीटर दूर नहर किनारे खेत में युवती का शव पड़ा देखा।और इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर गौरीगंज पुलिस, सीओ और अपर पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे तथा फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए।पुलिस जांच में प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आया है।मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही संतोष कुमार कोरी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।परिजनों के अनुसार आरोपी संतोष युवती से लगातार फोन पर बात करता था। और कई बार मना करने के बावजूद नए-नए नंबरों से संपर्क करता रहता था।बताया जा रहा है कि युवती की शादी तय होने के बाद उसने आरोपी से बातचीत बंद कर दी थी, जिससे नाराज होकर उसने वारदात को अंजाम दिया।अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है।तथा मामले की गहन जांच की जा रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर में किया गया 167 जानवरों का इलाज



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी द्वारा निशुल्क OPD पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के " D" समवाय नारिहवा के सीमा चौकी छोड़का भुकुरवा के अंतर्गत ग्राम छोड़का भुकुरवा में डॉ. महिमा शिवहरे सहायक कमांडेंट पशु चिकित्सा अधिकारी 09वीं वाहिनी के उपस्थिति में निःशुल्क OPD पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में 17 सीमावर्ती लोगों के 167 जानवरों का निःशुल्क ईलाज, जाँच एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेटों व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको की ओर से बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार - प्रसार हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी शक्ति पदयात्रा एवं मानव श्रृंखला निर्माण सहित कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय,मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी जिलाध्यक्ष भाजपा रवि मिश्र ने किया। उपस्थित एन सी सी कैडेटों व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने कहा कि देश की आधी आबादी को शासन और नीति निर्धारण में उचित प्रतिनिधित्व देकर लैंगिक समानता सुनिश्चित करना। उन्होंने कहा कि महिलाओं की निर्णय लेने की भूमिका पर समाज की मानसिकता को बदलना और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं में लाना। भारतीय लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील और समावेशी बनाना। महिलाओं को संघर्ष से ऊपर उठाकर नेतृत्व की भूमिका तक पहुंचाना। प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संवैधानिक संशोधन) का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33त्र (एक-तिहाई) सीटें आरक्षित करके राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। यह कानून नीति निर्माण और निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर, समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और ÷महिला-नेतृत्व विकास÷ को स्थापित करने का प्रयास करता है। मुख्य नियन्ता प्रो0 वीणा सिंह व सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं, एन सी सी कैडेटों व एन एस एस के स्वयंसेवकों द्वारा नारी शक्ति पद यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ महाविद्यालय परिसर में समपन्न हुई। महाविद्यालय स्टेच्यू हाल के पास नारी शक्ति दीवार एवं मानव श्रृंखला बनाया गया। इस अवसर पर प्रो0 वीणा सिंह,प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह,डॉ रमेश शुक्ल, डॉ जितेन्द्र कुमार, एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान, भाजपा महामंत्री वरुण सिंह सहित भाजपा महिला प्रकोष्ठ की कई पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

# एमएलके कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 120 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में ÷साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग के नवीनतम रुझान-2026÷ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में लगभग 120 छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न प्रदेशों से आए शोधार्थियों ने सहभागिता की। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. पी. पाण्डेय ने उद्घाटन भाषण देते हुए संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला। सचिव संजीव कुमार वार्ष्णेय ने भी संगोष्ठी की सफलता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। संगोष्ठी संयोजक डॉ. सद्गुरु प्रकाश ने संगोष्ठी के उद्देश्य एवं रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। मुख्य वक्ता डॉ. राजश्री, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बी.बी.ए.यू., लखनऊ ने अपने मुख्य व्याख्यान में साइबर सुरक्षा एवं ‹ढ्ढ/स्रु के नवीनतम रुझानों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. अतुल शर्मा ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर विशेष व्याख्यान देते हुए वर्तमान डिजिटल युग में डेटा सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. आशीष शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग, मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर ने ऑनलाइन माध्यम से ‹ढ्ढ एवं मशीन लर्निंग के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अविनाश सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात प्रथम तकनीकी सत्र (12¬30 क्क्रू 1¬30 क्क्रू) का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. राजश्री एवं डॉ. वीना सिंह ने की। इस सत्र में डॉ. दिव्यांशु अवस्थी (जी.एल.ए. यूनिवर्सिटी, मथुरा) एवं अमित कुमार (जे.एन.यू., दिल्ली) ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। द्वितीय तकनीकी सत्र (2¬15 क्क्रू 4¬15 क्क्रू) की अध्यक्षता डॉ. भानु प्रताप सिंह एवं अभिषेक कुशवाहा ने की। इस सत्र में डॉ. नवीन कुमार (एमिटी यूनिवर्सिटी, बिहार) सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं – पुनीत कुमार तिवारी, सत्यम पांडेय, श्रिष्टि सिंह, चित्रांशी, समृद्धि प्रकाश – ने अपने शोध प्रस्तुत किए। साथ ही देवेंद्र कुमार गुप्ता (गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, टोंक, राजस्थान) एवं रमेश कुमार गुप्ता (एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज) ने भी अपने विचार साझा किए ।कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से आए शोधार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने शोध कार्यों एवं नवीन विचारों को प्रस्तुत किया। संगोष्ठी ने प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इलाज के साथ कानून की जानकारी जरूरी: सीएमओ

**रायबरेली।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा ने बताया है कि आज के बदलते परिवेश में चिकित्सा पेशेवरों के लिए कानून की बारीकियों को समझना अति आवश्यक होता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए बुधवार को प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के सौजन्य से जनपद के होटल में फ्मेडिको लीगल के आयामफ्र विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी का उद्देश्य चिकित्सा अधिकारियों को नए कानूनों से अवगत कराना एवं उनकी शंकाओं का समाधान करना था। मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने कहा कि सरकारी चिकित्सालयों के डाक्टरों के लिए सिर्फ मरीजों का इलाज करना ही काफी नहीं है बल्कि कानून से जुड़ी बातों को भी समझना आवश्यक है। कई बार छोटी से गलती डॉक्टर के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। इसलिए सतर्क रहना जरूरी है। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए डॉ. जी. खान द्वारा पोस्टमार्टम की बारीकियों को समझाया गया एवं चिकित्सा अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

# भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पाण्डुलिपियों एवं दुर्लभ ज्ञान ग्रन्थों आदि का होगा वैज्ञानिक संरक्षण डिजिटलीकरण एवं अभिलेखीकरण

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार भारत की समृद्धि ज्ञान परम्परा और बौद्धिक विरासत को ज्ञान भारत मिशन के अन्तर्गत देश भर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी पाण्डुलिपियों एवं दुर्लभ ज्ञान ग्रन्थों आदि का वैज्ञानिक संरक्षण डिजिटलीकरण एवं अभिलेखीकरण किया जायेगा, जिससे यह धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को प्राचीन ज्ञान दर्शन साहित्य एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचय करा सके तथा विकसित भारत-2047 के अन्तर्गत डिजिटल इण्डिया के दृष्टिकोण और विरासत एवं विकास के राष्ट्रीय संकल्प को समृद्ध कर सके। ज्ञान भारत मिशन के अन्तर्गत उ0प्र0 की समृद्ध ज्ञान परम्परा सांस्कृतिक धरोहर एवं बौद्धिक विकास के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राचीन पाण्डुलिपियों ताड पत्रों एवं दुर्लभ अभिलेखों (निजी एवं सरकारी) का संरक्षण भी किया जाना है। इस हेतु राष्ट्र व्यापी राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान 16 मार्च 2026 से प्रारम्भ किया गया है। इस हेतु राष्ट्र व्यापी राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान 16 मार्च 2026 से प्रारम्भ किया गया है। जनपद में ज्ञान भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया है कि राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अन्तर्गत- जनपद स्तर पर ऐसी सरकारी एवं गैर सरकारी समस्त संस्थाओं (मठ मन्दिर, शैक्षणिक संस्थान, निजी संगठन, पुस्तकालय आदि) व व्यक्तियों जिनके पास पाण्डुलिपियों, दुर्लभ ग्रन्थों आदि का संग्रह हो का चिन्हीकरण कराते हुए उनकी सूची तैयार की जायेगी। पाण्डुलिपियों का तात्पर्य कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा, धातु आदि पर हाथ से लिखे गए ग्रंथ जो न्यूनतम 75 वर्ष प्राचीन हो, से है। जिला स्तर पर तैयार की जाने वाली सूची में संस्था व व्यक्ति का नाम, संस्था के प्रभारी का नाम, ई-मेल एवं मोबाइल नम्बर तथा पाण्डुलिपियों/ग्रन्थों/अन्य अभिलेखों की अनुमानित संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जायेगा। प्रत्येक केन्द्र तथा व्यक्ति के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों की सूची भी संकलित की जायेगी। उन्होंने बताया है कि सर्वेक्षण कार्य 16 मार्च 2026 से प्रारम्भ किया गया है जिसको आगामी 3 माह पूर्ण किया जाएगा। जनपद में सर्वेक्षण कार्य ''ज्ञान भारतम एप'' मोबाइल एप्लीकेशन जो गूगल प्ले स्टोर/एप स्टोर पर निःशुल्क डाउनलोड हेतु उपलब्ध है, के माध्यम से किया जाएगा। जनपद में ज्ञान भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# अंबेडकर जयंती पर साड़ी वितरण कर योगेंद्र सिंह ने महिलाओं को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

रायबरेली के प्रसिद्ध हाथी पार्क में बाबा साहब डॉभीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाई गई सुबह से ही लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था और देखते ही देखते सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हो गए कार्यक्रम स्थल पर सामाजिक एकता और सम्मान का माहौल देखने को मिला जहां हर वर्ग के लोगों ने भागीदारी निभाई इस मौके पर सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी योगेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया उन्होंने उपस्थित महिलाओं को साड़ी वितरित कर उन्हें सम्मानित किया साड़ी वितरण के दौरान महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी कई महिलाओं ने इसे सम्मान और सहयोग का प्रतीक बतायासीएम बनने के बाद सम्राट चौधरी पर नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया, जानें क्या कहा सामाजिक समरसता का संदेशबाबा साहब के विचारों पर जोरकार्यक्रम के दौरान योगेंद्र सिंह ने बाबा साहब के जीवन और संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत हैउन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहब ने शिक्षा और संघर्ष के बल पर इतिहास रच दिया उन्होंने यह भी कहा कि संविधान निर्माण में उनकी भूमिका देश के लिए अमूल्य है जिसने सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का मार्ग प्रशस्त कियायोगेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है उनका कहना था कि जब तक समाज का हर व्यक्ति शिक्षित और जागरूक नहीं होगा तब तक समग्र विकास संभव नहीं है उन्होंने लोगों से बाबा साहब के विचारों को अपनाने की अपील की कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रायबरेली के विकास कार्यों का भी जिक्र किया उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभी भी कई बुनियादी समस्याएं हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है योगेंद्र सिंह ने भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें जनता का समर्थन मिला तो वे क्षेत्र में विकास की नई दिशा देंगे अपने संबोधन में उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल आर्थिक मुद्दों तक सीमित रह गया है और जमीनी विकास पर ध्यान नहीं दे रहा उन्होंने सरकार से अपील की कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए।

# लालगंज ष्ट।ष्ट परिसर में हुई घटना, दमकल ने आग पर पाया काबू

**रायबरेली** के लालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट।ष्ट) परिसर में खड़ी एक सरकारी एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और एम्बुलेंस को अपनी चपेट में ले लिया। अज्ञात कारणों से लगी इस आग के कारण पूरी एम्बुलेंस धू-धू कर जलने लगी। घटना स्थल पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल कर्मचारियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन एम्बुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुट गया है।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**




ब्लाक संसाधन केंद्र अमावां में ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान बाइक रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया, खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह ने गोष्ठी में उपस्थिति शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा हर अभिभावक को जागरुक करना है इसके लिए पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि अपनी महती भूमिका निभा सकते हैं,हमने अपने स्तर से भी उनसे अपील की है। कार्यक्रम आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह ने कहा अभिभावकों से सीधे संपर्क कर एवं स्कूल चलो अभियान रैली के माध्यम से विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताते हुए उन्हें जागरूक कर बच्चों के नामांकन एवं उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु निरंतर प्रेरित करते रहना होगा तभी हम अपने उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं, गोष्ठी के उपरांत बाइक रैली को मुख्य अतिथि संदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा रैली में प्रतिभाग करते हुए अभियान का हिस्सा बने,रैली चकपीरशाह, थारुइयां मोड़,सिधौना,दुसौती मोड होते हुए पुनः बीआरसी पहुंची जहां खंड शिक्षा अधिकारी अमावां के आभार के साथ उसका समापन हुआ। रैली में मुख्य रूप से एआरपी सतीश चौरसिया, हरीशचंद्र पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह, अशोक प्रियदर्शी, सुरेश सिंह, बृजेंद्र सिंह, सूर्य प्रकाश, दयाशंकर तिवारी, संजय सिंह, राजेंद्र यादव, माताबदल कश्यप, बृजेश कुमार, घनश्याम, श्रीकांत, वरुणेंद्र, विजयकांत, गणेश वर्मा, कुलदीप, महताब खान, अफरोज अहमद, अमित यादव, विनोद यादव, गणेश कुमार, हेमंत रमन, संदीप गौतम, रामभरत राजभर, संदीप वर्मा, पवन मौर्या, धीरेन्द्र बहादुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधियों तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।



## हवा में लटकी एक्ट्रेस और अटक गई सांसें... अक्षय कुमार के प्रैंक से हैरान रह गईं

# वामिका गब्बी

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अकमिंग मूवी 'भूत बंगला' को लेकर काफी बिजी चल रहे हैं. प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 17 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है. अक्षय कुमार एक्टिंग के साथ ही अपने मजाकिया अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं. शूटिंग के बीच में खिलाड़ी कुमार को जब भी वक्त मिलता है वो अपने को-स्टार्स के साथ मस्ती करते हुए नजर आते हैं. अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' का एक BTS वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा बटोर रहा है. इस वीडियो में अक्षय कुमार ने वामिका गब्बी के साथ ऐसा प्रैंक किया, जिससे हर कोई हैरान रह गया था.'भूत बंगला' गाने की शूटिंग का एक 'बिहाइंड-द-सीन्स' वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. इस क्लिप में एक्टर अक्षय कुमार को गाने के एक सीन की शूटिंग के दौरान अपनी को-स्टार वामिका गब्बी के साथ मजाक करते हुए देखा जा सकता है. अक्षय का ये मजाक ऐसा था, जिसने वामिका गब्बी की सांसें अटका दी थीं. अक्षय



डर से सहमीं वामिका गब्बी

कुमार का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है.

**अक्षय कुमार ने किया प्रैंक**

'भूत बंगला' के एक BTS वीडियो में अक्षय कुमार ने वामिका गब्बी के साथ ऐसा प्रैंक कर डाला, जिससे एक्ट्रेस वाकई में डर गई. वीडियो में देखा जा सकता है कि वामिका को एक हार्नेस से सेफली बांधा गया है.

इस सीन में अक्षय कुमार वामिका को ऊपर अपनी तरफ खींचते हैं. जैसे ही वो डांस का एक स्टेप शुरू करती हैं, अक्षय अचानक वामिका को पीछे की ओर धकेल देते हैं. सुरक्षा के सभी इंतज़ाम होने के बावजूद वामिका गब्बी इससे एकदम से चौंक जाती हैं. अक्षय के इस प्रैंक से सेट पर मौजूद सभी हंस-हंसकर लोटपोट हो जाते हैं.

**वामिका गब्बी की हालत हुई खराब**

वामिका गब्बी सेफ्टी हार्नेस से बंधी हुई थीं और वो हवा में झूलती हुई दूर चली जाती हैं. इस प्रैंक से डरकर वामिका आंखें बंद कर लेती हैं और अपने चेहरा ढक लेती हैं. शुरू में तो सब सोचने लगे कि असली में वामिका को अक्षय ने धकेला है, लेकिन जैसे ही सबको पता चलता है कि ये एक प्रैंक था तो सभी हंसना शुरू कर देते हैं. इस वीडियो पर लोग तमाम तरह के रिएक्शंस दे रहे हैं.

## आशा भोसले से खास रिश्ता रखती हैं श्रद्धा कपूर, मंगेशकर परिवार से क्या है कनेक्शन




बॉलीवुड में कई रिश्ते ऐसे हैं जो सिर्फ इंडस्ट्री तक सीमित नहीं रहते, बल्कि परिवारों को भी जोड़ते हैं. एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और दिग्गज सिंगर आशा भोसले का रिश्ता भी कुछ ऐसा ही रहा, जो सिर्फ पेशेवर नहीं बल्कि गहरा पारिवारिक संबंध है. बहुत कम लोग जानते हैं कि श्रद्धा कपूर आशा भोसले को बेहद करीब मानती थीं और उन्हें प्यार से 'ग्रैंड-आजी' कहकर बुलाती थीं. दोनों के बीच का ये रिश्ता अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरों और खास मौकों पर साझा किए गए पोस्ट में भी नजर आता रहा है.

12 अप्रैल को आशा ताई ने दुनिया को अलविदा कहा है, सिंगर की निधन की वजह मल्टीपल ऑर्गन फेलियर है. इस बात की जानकारी खुद उनके बेटे ने दी है. इस खबर के सामने आने के बाद से इंडस्ट्री में शोक का माहौल है. ऐसे में श्रद्धा कपूर और आशा भोसले के बीच रिश्ते को लेकर चर्चा हो रही है, कि आखिर ये दोनों किस तरह से रिश्ते में हैं. बता दें कि श्रद्धा कपूर की मां शिवांगी कोल्हापुरी का संबंध मंगेशकर परिवार से है. श्रद्धा की मां, आशा भोसले की भतीजी लगती हैं और इसी वजह से ये रिश्ता नानी-पोती जैसा बन जाता है.

**क्या है दोनों में रिश्ता ?**

श्रद्धा के नाना पंडित पंढरीनाथ कोल्हापुरे, आशा भोसले के चचेरे भाई थे, जिसकी वजह से श्रद्धा कपूर का मंगेशकर परिवार से गहरा जुड़ाव रहा है. यही वजह है कि श्रद्धा कपूर बचपन से ही आशा भोसले के बेहद करीब रही हैं और उन्हें परिवार के बड़े सदस्य की तरह सम्मान देती थीं. श्रद्धा कपूर अक्सर खास मौकों पर आशा भोसले के साथ बिताए पलों को याद करती रही हैं. जन्मदिन हो या कोई फैमिली इवेंट, श्रद्धा ने कई बार उनके साथ तस्वीरें शेयर कर अपना लगाव जाहिर किया.

**संगीत जगत का बड़ा नाम**

इन तस्वीरों में दोनों के बीच की केमिस्ट्री साफ नजर आती है और फैंस भी इस रिश्ते को खूब पसंद करते हैं. कई मौकों पर श्रद्धा ने ये भी बताया कि वो अपने परिवार से बेहद जुड़ी हुई हैं और मंगेशकर परिवार से मिलना उनके लिए हमेशा खास रहता है. आशा भोसले भारतीय संगीत जगत की सबसे बड़ी आवाजों में गिनी जाती हैं और उन्होंने दशकों तक अपनी गायकी से लोगों के दिलों पर राज किया. उन्होंने अपने गानों के जरिए इंटरनेशनल लेवल पर भी नाम कमाया है.

## 91 साल पहले शुरू हुआ था बॉलीवुड में सीक्वल का दौर, एक महिला एक्शन स्टार ने रचा था इतिहास



बॉलीवुड की पहली सीक्वल फिल्म

आज के दौर में फिल्मों के सीक्वल बनना आम बात हो गई है. 'धुरंधर', 'पुष्पा', 'सिंघम', 'डॉन' जैसी कई बड़ी फिल्मों के पार्ट 2 और पार्ट 3 की चर्चाएं पहले से ही शुरू हो जाती हैं. दर्शक भी अपनी पसंदीदा फिल्मों के अगले हिस्से का बेसब्री से इंतजार करते हैं. लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हिंदी सिनेमा में सीक्वल का ट्रेंड आज से नहीं, बल्कि आजादी से भी पहले शुरू हो गया था. उस दौर में बनी एक फिल्म ने पहली बार इस परंपरा की नींव रखी, जिसने बाद में बॉलीवुड की फ्रेंचाइजी फिल्मों का रास्ता तैयार किया.

हिंदी सिनेमा की पहली सीक्वल फिल्म 'हंटरवाली की बेटी' मानी जाती है, जो साल 1943 में रिलीज हुई थी. ये फिल्म 1935 में आई 'हंटरवाली' का सीक्वल थी और दोनों फिल्मों में एक ही एक्ट्रेस ने लीड रोल निभाया था. खास बात ये है कि उस दौर में जब फिल्मों में एक्शन और स्टंट ज्यादातर मेल एक्टर करते थे, तब एक महिला कलाकार ने अपने दम पर ये ट्रेंड बदल दिया. यही वजह है कि इस फिल्म को भारतीय सिनेमा के इतिहास में खास स्थान दिया जाता है.

**क्यों बना था दूसरा पार्ट ?**

'हंटरवाली' फिल्म में ऑस्ट्रेलिया मूल की एक्ट्रेस फियरलेस नाडिया ने लीड रोल निभाई थी. उनका असली नाम मैरी एन इवांस था और वो अपनी दमदार स्टंट परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती थीं.

इस फिल्म में उन्होंने घुड़सवारी, तलवारबाजी और कई खतरनाक स्टंट खुद किए थे, जो उस समय दर्शकों के लिए बिल्कुल नया एक्सपीरियंस था. फिल्म की सक्सेस इतनी बड़ी रही कि दर्शकों ने इसके अगले पार्ट की मांग शुरू कर दी और यही वजह बनी 'हंटरवाली की बेटी' के बनने की.

**बनी पहली सीक्वल फिल्म**

करीब आठ साल बाद 'हंटरवाली की बेटी' बनाई गई और इस तरह हिंदी सिनेमा की पहली सीक्वल फिल्म सामने आई. इस फिल्म में भी नाडिया ने एक्शन अवतार में अन्याय के खिलाफ लड़ने वाली नायिका का किरदार निभाया. काले मास्क, हाथ में हंटर और दमदार स्टंट के साथ उनका अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आया. कहा जाता है कि उस दौर में नाडिया का ये किरदार महिलाओं के लिए एक नई छवि लेकर आया, जिसमें वो सिर्फ रोमांटिक भूमिका तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि एक्शन हीरो की तरह दिखाई दीं.



## प्लेबैक सिंगिंग छोड़ डायरेक्टर बनने चले

# अरिजीत सिंह

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी को करेंगे लॉन्च

अरिजीत सिंह ने जनवरी में प्लेबैंग सिंगिंग से संन्यास लिया. इस खबर ने पूरी इंडस्ट्री को हैरान कर दिया. अरिजीत सिंह अब प्लेबैक सिंगिंग नहीं करेंगे. लेकिन अपना इंडीपेंडेंट म्यूजिक बनाते रहेंगे. अरिजीत सिंह को लेकर अब एक बड़ी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान है. प्लेबैक सिंगिंग को छोड़ने के बाद अरिजीत सिंह ने नई तैयारी कर ली है. सिंगर अब डायरेक्टर बनने जा रहे हैं. जी हांज आपने एकदम सही सुना. अरिजीत सिंह सिंह ने अपनी पहली फिल्म की पूरी तैयारी कर ली है, जिसका डायरेक्शन वो खुद करेंगे. सबसे दिलचस्प बात ये है कि अरिजीत सिंह अपनी पहली फिल्म में नवाजद्दीन सिद्दीकी की बेटी को लॉन्च करने की प्लानिंग कर रहे हैं.प्लेबैक सिंगिग को छोड़ने के बाद अरिजीत सिंह फिल्म के डायरेक्शन और प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं. उनके फैंस के लिए ये एक बेहद बड़ी खबर है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अरिजीत सिंह अपनी पहली फिल्म में नवाजुद्दीन की बेटी शोरा सिद्दीकी को लीड रोल में ले सकते हैं. हालांकि, अभी तक अरिजीत सिंह की तरफ से अनाउंसमेंट का इंतजार है.



फिल्म बनाने चले अरिजीत सिंह

**अरिजीत सिंह बनेंगे डायरेक्टर**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरिजीत सिंह के फिल्म बनाने जा रहे हैं, जिसे वो खुद प्रोड्यूस और डायरेक्ट कर रहे हैं. दिलचस्प बात ये है कि फिल्म लंदन में फ्लोर पर जा चुकी है. शोरा सिद्दीकी इस प्रोजेक्ट में लीड रोल में नजर आएंगी और अपना एक्टिंग डेब्यू करेंगी. बताया जा रहा है कि इसकी कहानी तीन ऐसे युवाओं पर आधारित है, जो बिल्कुल अलग-अलग सोशल बैकग्राउंड से आते हैं और जिनकी जिंदगी एक ऐसे शहर में आपस में जुड़ जाती है जो सामाजिक वर्गों के बंटवारे, मौकों और गुजारे पर टिका है.

**अरिजीत सिंह की फिल्म पर काम शुरू**

रिपोर्ट्स की मानें तो फिलहाल लंदन में इसका प्रोडक्शन चल रहा है और रिलीज से जुड़ी जानकारी अभी तक अनाउंस नहीं की गई है.

शोरा सिद्दीकी के अलावा और कौन कलाकार इसमें नजर आएंगे, इस बारे में अभी सस्पेंस बना हुआ है. अरिजीत सिंह का ये कदम उनके करियर के लिए एक नया मोड़ साबित हो सकता है. फिलहाल यह साफ नहीं है कि अरिजीत इस फिल्म को खुद रिलीज करेंगे या किसी बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ मिलकर इसे ऑडियंस तक पहुंचाएंगे.

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# रील, व्लॉग और बकवास

**जब तक हम इसे केवल मनोरंजन कहकर नजरअंदाज करते रहेंगे, तब तक इसका समाधान संभव नहीं है। युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि हर ट्रेंड का हिस्सा बनना जरूरी नहीं है। हर रील बनाना जरूरी नहीं है। और सबसे महत्वपूर्ण—हर बकवास को देखना और शेयर करना जरूरी नहीं है। जरूरत है एक संतुलन की। तकनीक का उपयोग करें, लेकिन उसके गुलाम न बनें। रील बनाएं, लेकिन उसमें सार हो। व्लॉग करें, लेकिन उसमें सच्चाई हो। अगर हम इस माध्यम को सही दिशा में उपयोग करें, तो यह एक शक्तिशाली साधन बन सकता है।**

*आज के समय में अगर कोई सबसे तेजी से फैलने वाली चीज है तो वह है–'बकवास'। फर्क बस इतना है कि अब यह बकवास चाय की दुकानों या चौपालों तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन पर सजकर 'रील' और 'व्लॉग' के नाम से पूरे समाज में ब्रॉडकास्ट हो रही है। एक समय था जब युवा अपने सपनों के लिए जागते थे। आज वे नोटिफिकेशन के लिए जागते हैं। पहले लक्ष्य तय होते थे, अब ट्रेंड तय होते हैं। पहले मेहनत पर ताली बजती थी, अब बकवास पर लाइक और शेयर मिलते हैं। यही वह बदलाव है, जिसने युवा पीढ़ी को धीरे-धीरे एक ऐसी दिशा में धकेल दिया है, जहां शोर तो बहुत है, लेकिन सार बिल्कुल नहीं। रील और व्लॉग जो मूल रूप से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम हो सकते थे, आज एक ऐसी दौड़ का हिस्सा बन चुके हैं, जहां गुणवत्ता नहीं, बल्कि 'वायरल' होना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इस दौड़ में कंटेंट नहीं, कंटेंट का शोर मायने रखता है। जितना ज्यादा विचित्र, जितना ज्यादा सनसनीखेज, उतनी ही ज्यादा लोकप्रियता। ऐसे में गंभीरता, संवेदनशीलता और ज्ञान जैसे शब्द धीरे-धीरे हाशिये पर चले जाते हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा आज 'कंटेंट क्रिएटर' बनने की होड़ में है, लेकिन यह कोई नहीं सोच रहा कि वे क्या बना रहे हैं और क्यों बना रहे हैं। कैमरा ऑन होते ही अभिनय शुरू हो जाता है और कैमरा ऑफ होते ही वास्तविकता का खालीपन सामने आ जाता है। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां दिखावा ही असली पहचान बन चुका है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस बकवास को अब सामान्य और स्वीकार्य मान लिया गया है। जो जितना अधिक समय स्क्रीन पर बिताता है, उसे उतना ही 'अपडेटेड' माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि यह अपडेट नहीं, बल्कि एक प्रकार की मानसिक थकान और दिशाहीनता है। आज का युवा घंटों यह सोचने में लगा रहता है कि अगली रील में क्या दिखाना है, लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालता कि जीवन में क्या करना है। यह विडंबना ही है कि जिस पीढ़ी के पास सबसे अधिक संसाधन हैं, वही सबसे अधिक भ्रमित और बिखरी हुई दिखाई देती है। यह समस्या केवल समय की बरबादी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोचने की क्षमता को भी प्रभावित कर रही है। लगातार छोटे-छोटे वीडियो देखने की आदत ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कमजोर कर दिया है। गहराई से सोचने, पढ़ने और समझने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है। व्लॉग और रील्स के इस दौर में एक और खतरनाक प्रवृत्ति उभरकर सामने आई है–दूसरों की नकल। मौलिकता की जगह कॉपी-पेस्ट ने ले ली है। कोई ट्रेंड चल पड़ा, तो हर कोई उसी को दोहराने लगता है। इस प्रक्रिया में न तो कुछ नया पैदा होता है और न ही कोई सार्थक संदेश जाता है। बस एक जैसी बकवास का अंबार लग जाता है। समाज पर इसका प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। संवाद की जगह प्रदर्शन ने ले ली है। लोग अब जीने से ज्यादा दिखाने में विश्वास करने लगे हैं। हर छोटी-बड़ी घटना को कैमरे में कैद करना जरूरी हो गया है. चाहे वह निजी हो या संवेदनशील। यह प्रवृत्ति न केवल निजता को खत्म कर रही है, बल्कि संवेदनाओं को भी कमजोर बना रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहां 'बकवास' एक उद्योग बन चुका है। इसमें समय भी लग रहा है, पैसा भी लग रहा है और सबसे बड़ी बात युवा पीढ़ी की ऊर्जा भी लग रही है। लेकिन इसके बदले में क्या मिल रहा है? कुछ लाइक्स, कुछ फॉलोअर्स और एक झूठी संतुष्टि, जो कुछ ही पलों में खत्म हो जाती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**होर्मुज जलडमरूमध्य के तनावपूर्ण माहौल में 'जग विक्रम' की सुरक्षित यात्रा, हजारों भारतीय नाविकों की वापसी और बंदरगाहों का सुचारू संचालन, हम कह सकते हैं कि ये सभी घटनाएं मिलकर एक बड़ी स्वरूप हमारे सामने खड़ा कर रहे हैं और वो यह है कि भारत की कूटनीतिक परिपक्वता, रणनीतिक संतुलन और मानवीय दृष्टिकोण यह बताता है कि केंद्र सरकार की नीति एवं योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कुल सार रूप में कहना यही है कि जब दुनिया संघर्ष और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत अपने एक–एक नागरिक की बराबर चिंता कर रहा है, उनकी एवं उसके परिवार की निरंतर ऊर्जा जरूरत पूरी होती रहे, इसके लिए जहां जैसे संभव हो रहा है।**

# होर्मुज से कांडला तक संकट के बीच भारत की ऊर्जा आपूर्ति



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**ऐसे में आज 'जग विक्रम' का सुरक्षित पारगमन यह संकेत देता है कि भारत ने समुद्री सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संवाद और सामरिक संतुलन का प्रभावी उपयोग किया है। अतः भारत ने जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने समुद्री हितों की रक्षा की है। इसके साथ ही यह भी ध्यान में आया है कि भारत अब तक अपने 2,177 नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लेकर आ चुका है।**



यह हम सभी देख रहे हैं कि आज अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर गहरा प्रभाव डाला है। ऐसे संवेदनशील समय में भारतीय ध्वज वाला एलपीजी जहाज 'जग विक्रम' एवं अन्य जहाजों का सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार करते हुए उनके तय स्थान (बंदरगाह) तक पहुंचना निश्चित ही भारत की संतुलित और प्रभावी कूटनीति का प्रतीक बनकर दुनिया के सामने आया है। इससे पहले हमने एमटी नंदा देवी, शिवालिक को एलपीजी टैंकर लेकर होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करते हुए देखा, दोनों जहाजों को ईरान ने सुरक्षित मार्ग दिया। ये एक साथ भारत की ओर बढ़े और देश की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। कहना होगा कि युद्ध जैसे हालात में इस मार्ग से किसी भी जहाज का सुरक्षित निकलना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में आज 'जग विक्रम' का सुरक्षित पारगमन यह संकेत देता है कि भारत ने समुद्री सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संवाद और सामरिक संतुलन का प्रभावी उपयोग किया है। अतः भारत ने जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने समुद्री हितों की रक्षा की है। इसके साथ ही यह भी ध्यान में आया है कि भारत अब तक अपने 2,177 नाविकों को सुरक्षित स्वदेश लेकर आ चुका है। यह आंकड़ा आज हर उस परिवार को राहत दे रहा है, जोकि अपने प्रियजनों की वापसी का इंतजार कर रहा था। साथ ही विदेश मंत्रालय और भारतीय मिशनों ने चौबीसों घंटे हेल्पलाइन और जमीनी प्रयासों के जरिए यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी भारतीय नागरिक संकट में अकेला नहीं रहेगा। वस्तुतः डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम द्वारा 6,073 कॉल्स और 12,867 ईमेल्स को संभालना इस बात का प्रमाण भी है कि कैसे संकट के समय

**सबक यह है कि शांतिपूर्ण संवाद, संतुलित नीति और मजबूत प्रशासनिक ढांचा किसी भी संकट को अवसर में बदल सकता है। फिलहाल इस दिशा में मोदी सरकार की नीति सही दिशा में सफलता के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।**

प्रभावी संचार कितना महत्वपूर्ण होता है। इस दिशा में भारत सरकार के प्रयास अत्यधिक सराहनीय कहे जा सकते हैं। यह दर्शाता है कि भारत ने सक्रिय रूप से स्थिति को नियंत्रित किया हुआ है, इसलिए आज यह तंत्र संकट प्रबंधन में एक मजबूत मॉडल के रूप में उभर सका। वहीं, देश के सभी बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य रूप से जारी रहना भारत की आर्थिक और प्रशासनिक स्थिरता को दर्शाता है। पश्चिमी तट पर वेस्ट एशिया से जुड़े 3,383 कंटेनरों में से 3,228 की वापसी सुनिश्चित कर दी गई है। शेष 155 कंटेनर तकनीकी कारणों से लंबित हैं, किंतु कहीं भी जाम या देरी नहीं है। इसका मतलब साफ है कि वर्तमान वैश्विक संकट के समय में भी भारत ने अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाए रखा है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय का विदेश मंत्रालय और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय मिशनों के साथ में मिलकर काम करना आज इस बात का उदाहरण है कि कैसे समन्वित प्रयास बड़े संकटों को नियंत्रित कर सकते हैं। देखने में आया कि यह सहयोग- प्रशासनिक, योजना निर्माण, क्रिया के स्तर पर एक साथ पूरे समन्वित रूप में कार्य कर रहा है। इस युद्ध के बीच एक अच्छी बात यह भी दिखाई दे रही है कि भारत घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, वह सक्रिय रूप से कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत ने इस पूरे संकट में किसी एक पक्ष का समर्थन करने के बजाय संतुलित और तटस्थ रुख अपनाया हुआ है। यही उसकी सबसे बड़ी कूटनीतिक ताकत बनकर आज उभरा है। अमेरिका, ईरान और इजराइल तीनों के साथ संवाद बनाए रखना और अपने हितों की रक्षा करना भारत की 'मल्टी-अलाइनमेंट' नीति का एक सफलतम उदाहरण है। साथ में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, मदद और भलाई सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन और नियमित सलाह जारी करना यह दर्शाता है कि भारत की कूटनीति मानवीय भी है। होर्मुज जलडमरूमध्य के तनावपूर्ण माहौल में 'जग विक्रम' की सुरक्षित यात्रा, हजारों भारतीय नाविकों की वापसी और बंदरगाहों का सुचारू संचालन, हम कह सकते हैं कि ये सभी घटनाएं मिलकर एक बड़ी स्वरूप हमारे सामने खड़ा कर रहे हैं और वो यह है कि भारत की कूटनीतिक परिपक्वता, रणनीतिक संतुलन और मानवीय दृष्टिकोण यह बताता है कि केंद्र सरकार की नीति एवं योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कुल सार रूप में कहना यही है कि जब दुनिया संघर्ष और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत अपने एक-एक नागरिक की बराबर चिंता कर रहा है, उनकी एवं उसके परिवार की निरंतर ऊर्जा जरूरत पूरी होती रहे, इसके लिए जहां जैसे संभव हो रहा है, वहां, वह नए रास्ते बना रहा है। सबक यह है कि शांतिपूर्ण संवाद, संतुलित नीति और मजबूत प्रशासनिक ढांचा किसी भी संकट को अवसर में बदल सकता है। फिलहाल इस दिशा में मोदी सरकार की नीति सही दिशा में सफलता के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्दशी 08:11 तक |
| नक्षत्र: | उत्तराभाद्रपद 13:58 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | इन्द्र, 1.0:37 |
| सूर्योदय: | 05:58 |
| सूर्यास्त: | 18:31 |
| चंद्रमा: | मीन राशि में |
| राहुकाल: | 02:14-03:49 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | 12:01-12:51 |

## जन एक्सप्रेस

### चौधरी आने वाले !

*जाएंगे कुमार अब ।*
*चौधरी आने वाले ।।*
*तय कर चुकी भाजपा ।*
*बिहार के रखवाले ।।*
*अंत नीतीश युग का अब ।*
*भाजपा का आरंभ ।।*
*है यही सच्चाई ।*
*ना इसमें कुछ दंभ ।।*
*आए दिल्ली नीतीश कुमार ।*
*घर अब वहीं बनाया ।।*
*है यह भी तो सत्य ।*
*खूब इन्हें तड़पाया ।।*
*पर्यवेक्षकों ने बिहार में ।*
*डेरा है जमाया ।।*
*कटी पर्ची, मन टटोला ।*
*दील्ली को बताया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मेनोपॉज में थायराइड की समस्या: लक्षण, कारण और इलाज

**अगर** किसी महिला को लगातार 12 महीने तक पीरियड्स नहीं होते, तो उसे मेनोपॉज मान लिया जाता है। यह आमतौर पर 45 से 55 साल की उम्र के बीच में हो सकता है और एवरेज उम्र 51-52 साल मानी जाती है। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें ओवरी रिप्रोडक्टिव हार्मोन बनाना लगभग बंद कर देती हैं। थायराइड ग्रंथि गले के सामने वाले हिस्से में, वॉयस बॉक्स के ठीक नीचे होती है। तितली के आकार की इस ग्लैंड में छोटे-छोटे थैले होते हैं, जिन्हें फॉलिकल्स कहा जाता है। ये फॉलिकल्स थायराइड हार्मोन को स्टोर करके रखते हैं। जब थायराइड ग्रंथि जरूरत से ज्यादा हार्मोन बनाने लगती है, तो हाइपरथायरायडिज्म कहा जाता है। वहीं, जब थायराइड पर्याप्त मात्रा में हार्मोन नहीं बना पाता, तो इसे हाइपोथायरायडिज्म कहते हैं। मेनोपॉज के दौरान थायराइड के कई लक्षण एक जैसे होने के कारण महिलाओं को इन्हें पहचानने में दिक्कत हो सकती है।

**मेनोपॉज और थायराइड के लक्षण क्या हैं?:** डॉ. हिमिका चावला कहती हैं, 'हाइपोथायराइड, हाइपरथायराइड और मेनोपॉज के लक्षण काफी मिलते-जुलते हैं, इस वजह से महिलाएं अक्सर कन्फ्यूज हो जाती हैं। समय पर



इलाज न कराने से कई बार जटिलताएं देखने को मिल सकती हैं। महिलाओं को हाइपोथायराइड और मेनोपॉज के लक्षणों की पहचान करना जरूरी है। जिन महिलाओं में खासतौर पर हाइपरथायरायडिज्म की समस्या होती है, उनके मेनोपॉज के लक्षण काफी हद तक एक जैसे हो सकते हैं। '

**मेनोपॉज में एस्ट्रोजन थायराइड को कैसे प्रभावित करता है?:** एस्ट्रोजन ब्लड में थायरॉक्सिन-बाइंडिंग ग्लोब्युलिन के लेवल को बढ़ा सकता है। थायरॉक्सिन-बाइंडिंग ग्लोब्युलिन एक तरह का प्रोटीन है, जो थायराइड हार्मोन के लेवल को कम कर सकता है। इसके अलावा, एस्ट्रोजन सीधे तौर पर थायराइड के टिश्यू पर भी असर डाल सकता है। डॉ. हिमिका कहती हैं कि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में थायराइड की समस्या ज्यादा देखी जा सकती है। थायराइड की समस्या रिप्रोडक्टिव उम्र में ही होने लगती है क्योंकि इस उम्र में हार्मोनल बदलाव होने लगते हैं। मेनोपॉज के दौरान महिलाओं में एस्ट्रोजन कम होने लगता है, जिसका असर थायराइड फंक्शन पर भी पड़ सकता है। इस वजह से महिलाओं में वजन बढ़ना और थकान जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं और थायराइड हार्मोन में असंतुलन होने पर भी यही लक्षण होते हैं। इस वजह से कई बार मेनोपॉज के दौरान थायराइड की पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

**मेनोपॉज में हाशिमोटो थायराइड का असर:** हाशिमोटो थायराइडाइटिस में इम्यून सिस्टम गलती से थायराइड ग्लैंड पर हमला कर देता है, जिससे सूजन हो जाती है। अधिकतर मामलों में, थायराइड ग्लैंड शरीर के लिए पर्याप्त हार्मोन नहीं बना पाती है। इससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और इस वजह से वजन बढ़ना, बालों का झड़ना और ठंड के प्रति सेंसेटिविटी बढ़ती है। डॉ. हिमिका कहती हैं, 'मेनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोनल बदलाव हाशिमोटो के लक्षणों को और ज्यादा गंभीर बना सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष



प्रयाग पाण्डे

**इस कालखंड में सभी राजकार्य फारसी में ही होते थे। सिक्कों में भी फारसी अक्षरों का उपयोग किया जाता था। सिक्कों से हिंदी शब्द हटा दिए गए थे। मुगलकाल में बाबर ने 'बाबरी' नाम से चांदी का सिक्का चलाया।**

# मुद्रा महाठगनी, इसके रूप अनेक!

**जितना** पुराना मानव सभ्यता का इतिहास है, मुद्रा का भी इतिहास उतना ही पुराना है। मुद्रा का इतिहास मानव जीवन में क्रमशः आए उत्तरोत्तर परिवर्तनों की दिलचस्प कहानी है। आदिम युग से वर्तमान कम्प्यूटर युग तक मनुष्य के जीवन में हुए परिवर्तनों के साथ मुद्रा के रूपों में भी रोचक बदलाव आए हैं। अपनी विकास यात्रा में मुद्रा ने 'पशुधन' एवं 'वस्तु विनिमय प्रणाली' से डिजिटल इकोनॉमिक तक की एक लंबी यात्रा तय की है। रुपये की जितनी अजब करामात है। उतना ही गजब इतिहास भी। प्राचीनकाल में वस्तुओं का मूल्य अनाज और गाय, बैल आदि पशुओं से आंका जाता था। यह व्यवस्था भारत के अलावा ग्रीस में भी प्रचलित थी। उस काल में धनिकों के धन की माप पशुओं से की जाती थी। आज जो स्थान सोने- चांदी या रुपयों के नोट का है, प्राचीनकाल में यही स्थान पशुओं का था। वस्तु - विनिमय (अदला-बदली) की व्यवस्था अराजक थी। इसमें आए रोज लड़ाई-झगड़े होते थे। अदला-बदली की व्यवस्था की खामियों से निपटने के लिए हजारों साल पहले सिक्कों का प्रचलन शुरू हुआ। प्राचीनकाल में

**शेरशाह के पुत्र इस्लामशाह के कार्यकाल में सिक्के का पुराना रूप कायम रहा। इस दौर के सिक्कों में भी कूफी के साथ हिंदी में लिखा जाता था लेकिन मुगल बादशाह बाबर, हुमायूं और अकबर के शासनकाल में चले सिक्कों में बादशाहों ने सिक्कों में सिर्फ कूफी में अपने नाम खुदवाए। इसके बाद अकबर, जहांगीर, औरंगजेब आदि मुगल बादशाहों ने फारसी को खूब बढ़ावा दिया।**

भारत में सोना, चांदी, तांबा, पत्थर, कौड़ी आदि के सिक्के चलन में आए। वैदिक काल में सोने के सिक्के चलते थे,जिन्हें निष्क, शतनाम, सुवर्ण, पाद आदि नामों से जाना जाता था। कालांतर में चांदी के सिक्के प्रचलन में आए। चांदी के सिक्कों को पण, कार्षापण, विंशतिकी त्रिंशतिकी आदि नामों से जाना जाता था। प्राचीनकाल में जब सिक्के का आविर्भाव हुआ तब सिक्के के धातु का वजन, मूल्य और शुद्धता उसमें निहित थी। राजा इस बात का वचन देता था। सोने के सिक्के स्वयंसिद्ध मुद्रा थे। स्वयंसिद्ध मुद्रा का मूल्य उसके गर्भ में था। जबकि चांदी के सिक्के अर्ध स्वयंसिद्ध मुद्रा थे। पूर्व मध्यकाल में सोने के सिक्के को 'काशु' कहा जाता था। प्रारंभिक सिक्कों की तौल और बनावट, दोनों निराली थी। ठीक नाप-तौल के प्रमाण स्वरूप चांदी -सोने पर कोई चिह्न बने सिक्कों को मुद्रा कहा जाता था। सिंधु घाटी सभ्यता में भी सिक्कों का प्रचलन था। ईशा पूर्व सातवीं शताब्दी के अंत तक सिक्कों का प्रचलन काफी बढ़ चुका था। भारत में गौतम बुद्ध के कार्यकाल में चांदी के सिक्कों का तौल 40 और 25 रत्ती थी। उस दौर में चांदी के सिक्कों को 'पण' और 'कर्षापण' कहा जाता था। सिक्कों में हाथी, कुत्ते या वृक्षों के ठप्पे अंकित होते थे। प्राचीनकाल में चांदी और तांबा,सोने से कहीं अधिक मूल्यवान माने जाते थे। चूंकि सोना पृथ्वी के गर्भ में अन्य किसी धातु से अमिश्रित शुद्ध अवस्था में मिलता था। इसलिए सोना सुलभ था। माना जाता है कि संसार में सबसे पहले सिक्कों के लिए सोने को ही प्रयोग में लाया गया था। चूंकि उस दौर में चांदी दुर्लभ थी। चांदी अन्य धातुओं से मिश्रित अवस्था में मिलती थी। चांदी को खानों से निकालना मुश्किल और बेहद श्रमसाध्य था। चांदी को पहले खानों से निकाला जाता था, फिर उसे गलाकर चांदी के पात बनाए जाते थे। इसके बाद टकसालों में चांदी के रुपये ढाले जाते थे। कालांतर में ज्ञान- विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति से चांदी को खानों से निकालना सरल हो गया तो चांदी सर्वसुलभ हो गई और सोना दुर्लभ हो गया। तब दक्षिण भारत में सोने के सिक्कों की प्रधानता थी। उत्तर भारत में चांदी के सिक्कों का प्रचलन अधिक था। दिल्ली सल्तनत के दौरान 1329 ई. में चांदी के सिक्कों के स्थान पर कांसे और तांबे के सिक्के चलाए गए। इन्हें सांकेतिक मुद्रा कहा गया। उस दौर में घर-घर टकसाल बन गए। लोग अपने घरों में खुद ही कांसे और तांबे के सिक्के ढालने लगे थे। सल्तनत को आखिरकार इन सिक्कों को बंद करना पड़ा। इनके स्थान पर सोने और चांदी के 'तंके' जारी करने पड़े। इसके बाद फिरोजशाह तुगलक (1351-1388) ने 'शशगानी' नाम का सिक्का चलाया। ब्रिटिश मुद्रा प्रणाली से प्रेरित होकर शेरशाह सूरी (1540-1545) ने पुराने घिसे-पिटे सिक्कों के स्थान पर 180 ग्रेन शुद्ध चांदी का रुपया और 380 ग्रेन शुद्ध तांबे का रुपया चलाया। रुपया संस्कृत के शब्द 'रुप्य' या 'रौप्य' का अपभ्रंश है। संस्कृत में चांदी को 'रुप्य' या 'रौप्य' कहते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# मेहनत के रंग जब नतीजों में खिल गए लिटिल एंजेल्स के सितारे फिर से मिल गए

## 100% रिजल्ट से गूंजा विद्यालय परिसर, 96.6% के साथ कार्तिक शर्मा बने टॉपर




जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के प्रतिष्ठित Little Angels School Pilibhit में कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय ने इस वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम देकर एक बार फिर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता का परचम लहराया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 की परीक्षा में कुल 141 विद्यार्थियों ने भाग लिया था और सभी विद्यार्थी सफल रहे। यह उपलब्धि विद्यालय के अनुशासन, शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण का परिणाम है।

इस वर्ष के परिणामों में कार्तिक शर्मा ने 96.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शौर्य पांडे 96.2% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय स्थान पर श्लोक सिंघल, अदिति अग्रवाल, एवलिन और अक्षत ने संयुक्त रूप से 95.4% अंक प्राप्त किए। इसके अलावा उज्ज्वल भगवानी (95%) ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्यन गंगवार और आयुष रस्तोगी (94.8%) ने पांचवां स्थान हासिल किया। उन्नति अग्रवाल (94.2%) और अंशिका गंगवार (93.5%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह सफलता आने वाले बड़े लक्ष्यों की ओर पहला कदम है। सिटी कोऑर्डिनेटर एन.सी. पाठक ने बताया कि पूरे जनपद में इस वर्ष कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### CBSE की नई दो-चरणीय परीक्षा व्यवस्था से छात्रों को मिलेगा सुधार का अवसर

कक्षा 10 के लिए 2539 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2517 छात्रों ने 17 फरवरी से 7 मार्च के बीच परीक्षा में भाग लिया।

#### CBSE की नई पहल: छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका

इस वर्ष Central Board of Secondary Education ने छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा अब दो चरणों में आयोजित की जा रही हैं।

#### प्रथम परीक्षा (अनिवार्य):

फरवरी-मार्च में आयोजित यह परीक्षा सभी छात्रों के लिए अनिवार्य रही, जिसके अंक प्रथम प्रयास के रूप में दर्ज किए गए।

#### द्वितीय परीक्षा (सुधार अवसर):

छात्रों को अपने अंकों में सुधार का मौका देने के लिए 15 मई 2026 से दूसरी परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मुख्यतः गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में होगी। इस नई प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि दोनों परीक्षाओं में से श्रेष्ठ अंक (क्चद्गह्यह्ल स्ष्शह्म्द्ग) को अंतिम परिणाम में शामिल किया जाएगा। इससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम होगा और वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे।

#### शिक्षा नीति के अनुरूप बड़ा कदम

यह पहल नई शिक्षा नीति (हृश्वक्क) के अनुरूप छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। इसका उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के डर से मुक्त कर सीखने की प्रक्रिया को अधिक सहज और प्रभावी बनाना है। विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों को दूसरे अवसर के लिए विशेष मार्गदर्शन और अतिरिक्त कक्षाएं उपलब्ध कराएं, वहीं अभिभावकों से भी सकारात्मक माहौल देने की अपील की गई है। कुल मिलाकर, लिटिल एंजेल्स स्कूल का शानदार परिणाम और छ्वक्चस्श्व की नई पहल दोनों ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम साबित हो रहे हैं।

## जिला गंगा, वृक्षारोपण व पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न, 40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य तय

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और गंगा स्वच्छता को लेकर विभिन्न विभागों की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन प्रभागीय निदेशक वन एवं वन्यजीव प्रभाग भरत कुमार डी.के. ने किया। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष जिले में करीब 40 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए वन विभाग द्वारा नर्सरियों में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस बार मोरिंगा (सहजन) के अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, ताकि जिले में मोरिंगा वन विकसित किया जा सके। जिला गंगा कार्ययोजना तैयार करने को लेकर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही सभी विभागों के साथ समन्वय बैठक कर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाए। सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद पीलीभीत को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और आवारा पशु बिल्कुल नहीं दिखने चाहिए। नालों की नियमित सफाई कराई जाए और प्रमुख नालों को स्लैब से ढका जाए। साथ ही चिकन और मटन की दुकानों का कचरा नालों या नदियों में डालने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने अंकित अवस्थी को जिला गंगा समिति और विकास दीक्षित को जिला पर्यावरण समिति का नामित सदस्य मनोनीत किया।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई डॉ. आंबेडकर जयंती, छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत कीं प्रभावशाली झलकियां

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के प्रणेता और मानवता के सशक्त समर्थक बोधिसत्व डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जनपद में पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालयों, छात्रावासों और संस्थानों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही और डॉ. आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

### बालिका छात्रावास में श्रद्धांजलि व विचार गोष्ठी का आयोजन

राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई।

इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में उनके जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सामाजिक समानता स्थापित की जा सकती है।

### माधौटांडा विद्यालय में प्रतियोगिताओं के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, माधौटांडा में आयोजित कार्यक्रम में पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से डॉ.आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, शिक्षा के महत्व और संविधान निर्माण में उनके योगदान को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। छात्रों की प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया, जिसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विकासखंड बरखेड़ा के ग्राम गुलड़ा मचवाखेड़ा स्थित आवासीय वृद्धाश्रम में भी आंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकिल प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यहां वृद्धजनों के बीच डॉ. आंबेडकर के जीवन परिचय, उनके सामाजिक योगदान और संविधान निर्माण में निभाई गई भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। विचार गोष्ठी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने में डॉ. आंबेडकर की भूमिका ऐतिहासिक रही है। बालक छात्रावास में छात्रों ने रखे अपने विचार राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष नवीन प्रताप राजपूत ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने भाषण, वाद-विवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के जीवन और उनके सिद्धांतों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके जरिए समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने सभी छात्रों को आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शासन के निर्देशानुसार 15 अप्रैल को स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, पीलीभीत तथा बालाजी आईटीआई, सैदपुर में भी आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन संस्थानों में छात्र-छात्राओं ने निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से डॉ. आंबेडकर के समानता, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं में छात्रों की भागीदारी उल्लेखनीय रही और उनके विचारों ने यह दर्शाया कि नई पीढ़ी आंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा ले रही है। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद में डॉ. आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आज के समय में भी डॉ. आंबेडकर के सिद्धांत प्रासंगिक हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना संभव है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने न केवल श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि समाज में जागरूकता और प्रेरणा का संदेश भी प्रसारित किया।

# किताबों में ज्ञान नहीं, 'लूट की पर्ची' चिपकाई है बाजार में शिक्षा नहीं, मुनाफे की होड़ दिखाई है...




### डीएम के सख्त आदेश बेअसर, देव स्टेशनर्स पर अभिभावकों से अवैध वसूली और जबरन स्टेशनरी थोपने के गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शिक्षा के नाम पर खुलेआम हो रही कथित लूट ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के सख्त निर्देशों के बावजूद शहर के चर्चित देव स्टेशनर्स पर अभिभावकों से निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करने और जबरन स्कूल ब्रांडेड स्टेशनरी खरीदवाने के आरोप लगे हैं। इस पूरे मामले से अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।हाल ही में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि किसी भी अभिभावक को किसी विशेष दुकान से किताबें या स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक (ष्ठढ्ढह्रस्) के नेतृत्व में एक निगरानी टीम भी गठित की गई थी।

जमीनी स्तर पर स्थिति इसके उलट नजर आ रही है। लिटिल एंजेल स्कूल की एक छात्रा के अभिभावक जब देव स्टेशनर्स पर किताबें खरीदने पहुंचे, तो उन्हें भारी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। आरोप है कि किताबों पर प्रकाशकों द्वारा अंकित मूल्य के ऊपर दुकानदार ने अपनी नई स्लिप चिपकाकर अधिक कीमत वसूलने का प्रयास किया।

#### जबरन थोपे जा रहे 'स्कूल ब्रांडेड' सामान शिकायत दर्ज, जांच की मांग

इतना ही नहीं, अभिभावकों को कोर्स के साथ स्कूल के नाम से छपी कॉपियां और अन्य स्टेशनरी खरीदने के लिए भी दबाव बनाया गया। जब एक अभिभावक ने इस पर आपत्ति जताई, तो दुकानदार द्वारा संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्र व्यवहार किया गया। घटना के बाद संबंधित अभिभावक ने उपभोक्ता फोरम और जिलाधिकारी कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामला सामने आने के बाद अन्य अभिभावकों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है।

#### अभिभावकों में आक्रोश, प्रशासन पर सवाल, कार्यवाही पर नजर

अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन द्वारा बनाई गई निगरानी टीम केवल कागजों तक सीमित रह गई है, जबकि दुकानदार खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। एक अभिभावक ने कहा, 'पब्लिकेशन रेट से ज्यादा पैसे वसूलना सीधी लूट है। हर साल यही स्थिति रहती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है।? हर वर्ष सत्र शुरू होते ही इस तरह के मामले सामने आते हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में स्थिति जस की तस बनी रहती है। अब सभी की निगाहें जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। उम्मीद की जा रही है कि दोषी पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, यहां तक कि लाइसेंस निरस्तीकरण तक किया जा सकता है।? फिलहाल, कोर्स बिक्री के नाम पर हो रही इस कथित अवैध वसूली से पीलीभीत के अभिभावक खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और न्याय की आस लगाए बैठे हैं।

# ग्राम चरखौला में दबंगों का आतंक, महिला के घर में घुसकर हमला

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद के बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम चरखौला में दबंगई की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। गांव की एक महिला ने आरोप लगाया है कि दबंगों के एक समूह ने उसके घर में घुसकर न केवल मारपीट की, बल्कि तोड़फोड़ और अभद्रता की सारी हदें पार कर दीं। मामले को लेकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की मांग की है। पीड़िता मीना देवी के अनुसार, वह अपने परिवार के साथ गांव में रहकर जीवन यापन कर रही हैं। आरोप है कि 13 अप्रैल की शाम करीब साढ़े सात बजे गांव के ही कुछ लोग, जिनमें तिलकराम, रामसरन और रामअवतार समेत करीब 15 व्यक्ति शामिल थे, अचानक उनके घर पर आ धमके। सभी लोग लाठी-डंडों व अवैध असलहों से लैस बताए जा रहे हैं। महिला का कहना है कि आरोपियों ने घर में घुसते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर परिवार के सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की। हमलावरों ने घर में रखा सामान भी तहस-नहस कर दिया, जिससे परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

### महिलाओं के साथ अभद्रता, दहशत में परिवार

पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ आरोपी नशे की हालत में थे और उन्होंने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़छाड़ की। यहां तक कि उन्हें अपमानित करने की कोशिश भी की गई। बच्चों को भी डराकर चुप रहने की धमकी दी गई, जिससे पूरा परिवार सहम गया। घटना के दौरान पीड़िता ने डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, आरोप है कि पुलिस के सामने भी दबंगों के तेवर कम नहीं हुए और वे खुलेआम धमकियां देते रहे। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### घर छोड़ने का दबाव, लगातार मिल रहीं धमकियां

पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद से आरोपी लगातार उन्हें गांव छोड़ने और मकान पर कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। भय के कारण परिवार के लोग सामान्य दिनचर्या भी नहीं निभा पा रहे हैं। मीना देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी गुहार लगाई है। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। यदि ऐसे मामलों में समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो दबंग तत्वों के हौसले और बढ़ सकते हैं। अब सबकी निगाहें पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर डीएम की सख्ती



### विभागों को दिए स्पष्ट निर्देश

घर-घर सर्वे कर बुखार, खांसी-जुकाम के मरीजों की पहचान व उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिले में संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की प्रथम साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज, शिक्षा, पशुपालन, बाल विकास और नगर विकास विभागों द्वारा तैयार माइक्रोप्लान के आधार पर संचालित गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

#### ग्राम स्तर पर रैली और जागरूकता कार्यक्रम तेज

पंचायती राज विभाग की ओर से बताया गया कि गांवों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रैलियां और बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

वहीं शिक्षा विभाग ने अभियान से जुड़ी गतिविधियों को पहले सप्ताह में शत-प्रतिशत पूरा करने की जानकारी दी। कृषि विभाग द्वारा चूहों और छछूंदरों की रोकथाम को लेकर बैठकें आयोजित की गई, जबकि पशुपालन विभाग को सूकर पालकों के शत-प्रतिशत संवेदीकरण के निर्देश दिए गए। नगर पालिका और नगर पंचायतों को शौचालय निर्माण, फॉगिंग, नालियों की नियमित सफाई, झाड़ियों की कटाई और हैंडपंपों की मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाई जा सके। 10 अप्रैल से संचालित दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। अब वे घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताएंगी। साथ ही घरों में जलभराव की स्थिति की जांच कर उसे तत्काल खत्म कराया जाएगा। अभियान के दौरान आशा कार्यकत्रियां बुखार, खांसी-जुकाम, टीबी और फाइलेरिया के मरीजों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करेंगी और उसे ई-कवच पोर्टल पर दर्ज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भेजेंगी, जहां मरीजों की जांच कर उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

#### टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा

बैठक में टीकाकरण, एचपीवी अभियान और शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 20 साल पुराने ट्रैक्टर लोन धोखाधड़ी मामले में फैसला, तीन आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। करीब दो दशक पुराने ट्रैक्टर लोन धोखाधड़ी मामले में अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए शाखा प्रबंधक समेत तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुंदर पाल की अदालत में लंबे समय से चल रहे इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय दिया गया। यह मामला मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि को बंधक बनाकर बैंक से ट्रैक्टर लोन लेने से जुड़ा था। शिकायतकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने मिलीभगत कर धोखाधड़ी की और बैंक से ऋण निकाल लिया। मामले के अनुसार, संबंधित भूमि के सहखातेदार पाल सिंह की मृत्यु वर्ष 1999 में हो चुकी थी और वह उससे पहले ही अपनी जमीन का बैनामा कर चुके थे। इसके बावजूद वर्ष 2005 में एक व्यक्ति ने स्वयं को पाल सिंह बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और बैंक अधिकारियों की कथित मिलीभगत से भूमि को गिरवी रखकर ट्रैक्टर लोन प्राप्त कर लिया। शिकायत मिलने पर न्यायालय के निर्देश पर थाना गजरौला में मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न मिलने की बात कहते हुए अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। हालांकि वादी पक्ष ने इस पर आपत्ति जताई, जिसके बाद न्यायालय ने मामले को परिवाद के रूप में स्वीकार कर सुनवाई शुरू की। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में कई गवाह पेश किए गए और दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने साक्ष्यों का अवलोकन किया और पाया कि तीन आरोपियों—चरन सिंह उर्फ चन्ना, शाखा प्रबंधक पीएल तौलिया और फील्ड ऑफिसर केपी सिंह—के खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं हो सके। इसके चलते अदालत ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया। अन्य आरोपियों की सुनवाई अलग जारी मामले में शामिल अन्य दो आरोपियों के अदालत में उपस्थित न होने के कारण उनकी पत्रावली अलग कर दी गई है और उनके खिलाफ सुनवाई जारी है। करीब 20 वर्ष पुराने इस मामले में आए फैसले के बाद यह प्रकरण एक बार फिर चर्चा में आ गया है, जिसमें फर्जीवाड़े और बैंकिंग प्रक्रिया की जांच को लेकर सवाल उठे थे।

# बचपन को बेड़ियों से आज़ाद करने का संकल्प- अब न होगा मासूमों का शोषण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में बालश्रम उन्मूलन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की। बुधवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर पूरनपुर क्षेत्र में श्रम विभाग व अन्य इकाइयों की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जिसमें चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। अभियान का संचालन श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूरनपुर के निर्देशन में किया गया। टीम ने मैकेनिक शॉप, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, कपड़े की दुकानों, किराना स्टोर और स्टील वर्क्स समेत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर बाल श्रमिकों की पहचान की। कार्रवाई के दौरान चार बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए उन्हें वर्चुअल माध्यम से बाल कल्याण समिति, पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बाल कल्याण समिति ने सभी बच्चों के परिजनों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में बच्चों से श्रम न कराने के निर्देश दिए। इसके बाद बच्चों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के तहत खतरनाक कार्यों में बच्चों को लगाने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर एक वर्ष तक की सजा या 50 हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड दिए जा सकते हैं। साथ ही प्रति बाल श्रमिक 20 हजार रुपये की राशि चाइल्ड लेबर वेलफेयर फंड में वसूली जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि चेतावनी के बावजूद अभिभावक दोबारा बच्चों को श्रम में लगाते हैं तो उनके विरुद्ध भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह, कांस्टेबल भानु प्रताप एवं महिला कांस्टेबल सीमा सहित अन्य टीम सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस अभियान के माध्यम से प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि जनपद में बालश्रम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मासूमों के बचपन से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# इलाज की चौखट पर भरोसे की हुई थी चोरी कुंडल संग उड़ गई मरीज की मजबूरी...

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




शहर के एक चर्चित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान भरोसे को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। महिला मरीज के कानों से सोने के कुंडल गायब होने के मामले ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। परिजनों के आरोपों के बाद पुलिस ने अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच को तेज कर दिया है।

घटना के बाद पुलिस महकमा पूरी तरह एक्शन मोड में दिखाई दे रहा है। क्षेत्राधिकारी दीपक चतुर्वेदी के नेतृत्व में कई टीमों का गठन किया गया है, जो संदिग्ध की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा। इस पूरे मामले में अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे अहम कड़ी साबित हो सकते हैं।

पुलिस फुटेज को बारीकी से खंगाल रही है ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि आखिर किस समय और किन परिस्थितियों में यह घटना हुई। शुरुआती जांच में कुछ संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिले हैं, हालांकि अधिकारी अभी इस पर खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं। उधर, पीड़ित परिवार ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि जब उन्होंने कुंडल गायब होने की शिकायत की, तो न केवल उनकी बात को नजरअंदाज किया गया बल्कि उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि उन्हें दबाव में लेने और चुप कराने की कोशिश की गई, जिससे वे मानसिक रूप से बेहद आहत हैं।

मामला तूल पकड़ने के बाद प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन से जवाब-तलब किया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली की जांच की तैयारी की जा रही है।

गौरतलब है कि संबंधित अस्पताल पहले भी विभिन्न कारणों को लेकर चर्चा में रह चुका है। ऐसे में एक बार फिर इस तरह की घटना सामने आने से अस्पताल की साख पर सवाल उठने लगे हैं।

आम लोगों के बीच निजी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है और जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश होने की उम्मीद जताई जा रही है। शहर में इस घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है और लोग प्रशासन से पारदर्शी जांच के साथ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# स्प्रिंगडेल स्कूल से शुरू हुआ 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर लेख लेखन अभियान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहर के स्प्रिंगडेल स्कूल से 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर लेख लेखन अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अधिनियम से जुड़े अपने विचार लेखन के माध्यम से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री एवं अभियान की जिला संयोजिका ऋचा सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारत की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, जरूरत केवल सही अवसर और मंच की होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब-जब देश की महिलाओं को अवसर मिला है, उन्होंने अपनी क्षमता और साहस का परिचय दिया है। इतिहास में रानी लक्ष्मीबाई और आधुनिक समय में कर्नल सोफिया कुरैशी जैसी महिलाओं ने यह साबित किया है कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकती हैं, चाहे वह युद्ध का मैदान ही क्यों न हो।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने राजकीय महिला महाविद्यालय का किया भूमि पूजन

## शाहाबाद में जल्द ही इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने की घोषणा

जन एक्सप्रेस। शाहाबाद



उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने बुधवार को दोपहर स्टेशन मार्ग पर राजकीय महिला महाविद्यालय का पूजन किया और जल्द ही इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना करवाने का बड़ा संकल्प लिया। उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्टेशन मार्ग स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची। उन्होंने यहां पर पुरोहित द्वारा विधि विधान से कराए गए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया। तत्पश्चात उन्होंने क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने अपने क्षेत्र वासियों की हर समस्या का निदान और हर मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा महिला महाविद्यालय का भूमि पूजन जनपद का पहला महिला महाविद्यालय होगा। यह गौरव शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है । उन्होंने बताया जल्द ही शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र वासियों की मांग पर इंजीनियरिंग कॉलेज का भूमि पूजन भी करेंगी। उन्होंने अपनी उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा रेलवे स्टेशन के ओवर ब्रिज के साथ-साथ सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट, हेल्थ एटीएम सहित तमाम विकास कार्य किए हैं और दर्जनों की संख्या में उन्होंने क्षेत्र में बेहतरीन सड़कों का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा महिला महाविद्यालय की स्थापना से यहां की बेटियों को उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने में जो दिक्कतें आती थी वह दिक्कतें अब समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने बताया एसडीएम शाहाबाद द्वारा कई स्थानों पर जगह की तलाश की गई लेकिन सबसे अच्छी जगह पर वह आज भूमि पूजन कर रही हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी एवं अन्य सुविधाओं की दृष्टि से भी यह जगह काफी मुफीद है। उन्होंने एक अन्य विकास कार्य की लिए लोगों को असमंजस में डालकर कहा कि वह जल्द ही अपने क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात देने वाली है ईश्वर ने चाहा तो जल्द ही यह सौगात भी मिल जाएगी लेकिन इस सौगात का वह अभी नाम नहीं बताएंगी। उच्च शिक्षा मंत्री की इस घोषणा के बाद पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने नारी शक्ति बंधन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा यह अधिनियम महिलाओं के हक दिलाने का अधिनियम है । केंद्र सरकार ने इस अधिनियम को पास करके महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने मोदी जी का धन्यवाद करने के लिए सभी क्षेत्रवासियों को एक नंबर डायल कर धन्यवाद देने की अपील भी की। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण,इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ व किशोरियों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** हरदोई। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत लोगो को सुरक्षा,स्वावलंबन, व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के श्रीमऊ में चौपाल लगाकर महिलाओ व किशोरियों को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा सम्बन्धी तमाम जानकारियां दी गईं। अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला व रिम्मी भदौरिया ने मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्र के श्रीमऊ में बुधवार को चौपाल आयोजित कर महिलाओ व किशोरियों को गुड़ टच व बैड टच के अलावा साइबर ठगी,सोशल मीडिया पर फेंक एकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फाड, और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला व रिम्मी भदौरिया ने आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,181,108,102, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# विधायक ने सीएचसी के प्रसूति विभाग में अत्याधुनिक सुविधाओं का किया शुभारम्भ

## अल्ट्रासाउंड मशीन व अन्य उपकरणों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। हरपालपुर



बुधवार को सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने भारतीय स्टेट बैंक सीएचसी हरपालपुर के प्रसूति विभाग में प्रदत्ता अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इन नई सुविधाओं के जुड़ने से अब यह केंद्र जनपद का सबसे अत्याधुनिक %डिलीवरी सेंटर% बनकर उभरा है।लोकार्पण के उपरांत विधायक माधवेंद्र सिंह ने प्रसूति विभाग के नवनिर्मित विंग का भ्रमण किया। उन्होंने विशेष रूप से स्थापित की गई अल्ट्रासाउंड मशीन और अन्य चिकित्सकीय उपकरणों का अवलोकन किया।विधायक एसबीआई के सदस्यों से व डॉक्टरों से मशीनों की तकनीकी विशिष्टताओं और उनसे होने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक मशीनों से लैस होने के बाद अब यह केंद्र गंभीर मामलों में भी सटीक जांच और उपचार करने में सक्षम होगा। इस पहल के माध्यम से अस्पताल को एक कॉर्पोरेट लुक और सुविधाएं प्रदान की गई हैं। विधायक ने निरीक्षण के दौरान पाया कि मरीजों के लिए वातावरण को संक्रमण मुक्त और आरामदायक बनाने के लिए विभाग को वातानुकूलित किया गया है। साथ ही, आधुनिक बेड्स, कपड़ों की सफाई के लिए वाशिंग मशीन, मरीजों के लिए शुद्ध पेयजल और उन्नत शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। विधायक ने कहा, ÷हमारा संकल्प है कि क्षेत्र की माताओं-बहनों को प्रसव के लिए महानगरों की ओर न भागना पड़े, उन्हें अपने घर के पास ही सर्वश्रेष्ठ उपचार मिले।÷ कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप,सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद पाण्डेय,विधायक प्रतिनिधि डॉ. रजनीश त्रिपाठी, एसबीआई नीरज मिश्रा,राजेश कुमार,अरुण सिंह,अमरदीप शुक्ला,डॉक्टर अजीत मणि,नीरभान सिंह,सहित क्षेत्र के तमाम सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस ने शिल्पी हत्याकांड का किया खुलासा: प्रेम प्रसंग में धोखा देने के शक में प्रेमी ने की थी हत्या

जन एक्सप्रेस। हरदोई



हरदोई। जनपद में हुए सनसनीखेज शिल्पी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना मल्लावां क्षेत्र के ग्राम गढ़ी रसूलपुर में 13 अप्रैल 2026 की शाम हुई इस घटना ने इलाके में दहशत फैला दी थी।


पुलिस के अनुसार मृतका शिल्पी कुशवाहा पुत्री रामरहीश की फावड़े से वार कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद आरोपी ऋषभ द्विवेदी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) और क्षेत्राधिकारी बिलग्राम के निर्देशन में गठित टीमों ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है।पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि मृतका के साथ उसका पहले से प्रेम प्रसंग था। मृतका का अपने पति से तलाक का मामला चल रहा था। आरोपी को शक था कि वह किसी अन्य व्यक्ति से भी बात करती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद गुस्से में आकर उसने फावड़े से हमला कर दिया, जिससे शिल्पी की मौत हो गई।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त पाण्डेय, उपनिरीक्षक विनोद गोस्वामी, उपनिरीक्षक महमूद आलम, मुख्य आरक्षी विजय कुमार और आरक्षी अमित शामिल रहे।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में उग्र प्रदर्शन, महिलाओं ने संभाली कमान

**माधौगढ़ (जालौन)।** माधौगढ़ नगर में स्मार्ट मीटर के विरोध ने अब बड़ा रूप ले लिया है। वार्ड संख्या 4, 10, 5 और 2 की करीब 500 महिलाओं ने अपने-अपने घरों के स्मार्ट मीटर हाथ में लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान चितौरा बस स्टैंड और सिहारी बस स्टैंड पर खबर लिखे जाने तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर एसडीएम राकेश सोनी, सीओ, इंस्पेक्टर, एसडीओ और जेई सहित कई अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन लंबे समय तक चली वार्ता के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर गलत तरीके से अधिक बिल जारी कर रहे हैं, जिससे उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा। इसके साथ ही रामपुरा क्षेत्र के जेई पर अभद्र व्यवहार का आरोप भी लगाया गया है। महिलाओं का कहना है कि वे न केवल स्मार्ट मीटर की

# महेवा में करोड़ों की फर्म मालिक के परिजन निकले कुशल श्रमिक

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)



| | | | |
|---|---|---|---|
| राज्य : UTTAR PRADESH | जनपद : JALAUN | विकास खंड : MAHEVA | पंचायत : MAINUPUR DIWARA |
| | कार्य का नाम : GP MAINUPUR KE MAJRA DHARAMPUR ME ANGANWADI KENDRA KA NIRMAN | | वित्तीय साल : 2025-2026 |
| MALTI DEVI | | 6300 | |
| AKHILESH SINGH | | 6300 | |
| KALPANA DEVI | | 6300 | |
| RASHMI DEVI | | 6300 | |
| ARUNA RAJA | | 6300 | |
| | | | 31500 |

जनपद के विकास खंड महेवा में ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है, बल्कि प्रतिदिन भ्रष्टाचार के नए कारनामे दिखाई देते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में हुये भ्रष्टाचार की शिकायतें होने के बाद ऐसे प्रकरणों की जांच भी करायी गयी लेकिने अब तक एक भी भ्रष्टाचारी में संलिप्त पंचायत सचिव या फिर ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक के विरुद्ध कोई कार्यवाही अमल में नहीं लायी गयी। इसके पीछे वास्तविक सच्चाई क्या है इसकी चर्चायें क्षेत्र पंचायत कार्यालय महेवा में चलती रहती है। जानकारी के अनुसार शिशुपाल सिंह चैहान पुत्र चंद्रशेखर निवासी ग्राम महेवा जो कि चैहान कॉन्ट्रैक्टर एंड सप्लायर्स संचालक हैं। इनकी पत्नी रश्मि देवी कुशल श्रमिक (कारीगर) में दर्ज हैं, और विकास खंड के गुढ़खास, मैनूपुर समेत कई ग्राम पंचायतों में भवन निर्माण इत्यादि में सैकड़ों दिन कार्य भी किया है। जबकि रश्मि देवी कानपुर निवास करती हैं। फर्म संचालक की माता जी मालती देवी भी कुशल श्रमिक हैं। यह भी मजदूरी करती हैं। फर्म संचालक के भाई अखिलेश सिंह और भाभी कल्पना देवी भी कुशल श्रमिक में दर्ज हैं। जो पिछले कई वर्षों से गुढ़ाखास और मैनूपुर समेत अन्य ग्राम पंचायतों में भवन, इंटरलॉकिंग आदि में कारीगर का कार्य कर रहे हैं। लेकिन यह अलग बात है कि इन करोड़पतियों को किसी भी ग्रामीण ने कार्य करते हुए कभी देखा नहीं। फर्म संचालक ने ब्लाक महेवा राजनीतिक पहुंच के कारण मजबूत सिंडिकेट बनाकर अपने परिवार वालों को निजी लाभ दिलवाया है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि फार्म संचालक के पास कानपुर, उरई में प्रॉपर्टी होने के साथ साथ अच्छी खासी कृषि योग्य जमीन भी उपलब्ध है। फिर भी यह लोग जानबूझकर मजदूरों का हक मार रहे हैं। उक्त फर्म संचालक ने दर्जनों ग्राम पंचायतों में बिना कार्य के अपनी फर्म में भुगतान करवाने की सूत्रों से जानकारी मिली है। डीएम द्वारा गठित टीम जांच कर रही है।

### फर्म संचालक के परिजनों के नाम हुआ भुगतान

अखिलेश सिंह ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 65 दिन 2024-25 में 29 दिन और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 84 दिन कुशल श्रमिक का फर्जी भुगतान लिया है। भाभी कल्पना देवी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 65 दिन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 32 दिन और वित्तीय वर्ष 2025-26 में 70 दिन कुशल श्रमिक का भुगतान लिया है।

### सचिव जितेन्द्र कुशवाहा, प्राइवेट कंप्यूटर ऑफरेटर सुमित करते फर्जीवाड़ा

क्षेत्रीय लोगों की माने तो कुशल व अकुशल श्रमिकों की फीडिंग कर फर्जी भुगतान करने के लिए प्राइवेट कंप्यूटर ऑफरेटर सुमित सिंह को महारत हासिल है। दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर ने प्रधानों, रोजगार सेवकों के परिजनों को रजिस्ट्रेशन करा कर लाखों का भुगतान किया है। सचिव जितेन्द्र कुशवाहा की ग्राम पंचायतों में फर्जीवाड़ा चरम पर है। पूर्व में डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह कुशवाह ने शिकायत पर जांच की थी, जिसकी आख्या उन्होंने डीएम को सौंपी थी, अभी तक क्या हुआ इस बारे में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।

### एसडीएम ने मनोनीत पालिका सभासदों को दिलाई शपथ

**जालौन (उरई)।** नगर पालिका जालौन परिसर में शासन द्वारा नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल ने श्रीमती ऊषा गुप्ता, वाचस्पति मिश्रा, योगेन्द्र राठौर, रामदास जाटव एवं धर्मेंद्र प्रधान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में नगर के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामेंद्र बना, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय राजावत तथा नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके अलावा सभासद अन्नू शर्मा, ललित शुक्ला, मलखान दोहरे, सतीश सेंगर, नरेश सोनी, विवेक कंचन, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अभय राजावत, अनिल याज्ञिक, यश पटेल, शुभम अग्रवाल, शशिकांत वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# एसडीएम ने दिलाई शपथ, पांच सदस्यों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

जन एक्सप्रेस। कालपी (जालौन)




विधायक विनोद चतुर्वेदी की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पालिका परिषद कालपी में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। शासन के निर्देशों एवं नगर विकास विभाग की अधिसूचना के अनुपालन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) कालपी मनोज कुमार ने पांचों नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण करने वाले सभासदों में कन्हैया मिश्रा (आलमपुर), श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा (हरीगंज), रविन्द्र वर्मा (मनीगंज), देवेन्द्र गुप्ता (रामगंज) तथा मोनू कोष्ठा (रामचबूतरा) शामिल रहे। शपथ लेने के उपरांत सभी सभासदों ने नगर के सर्वांगीण विकास, स्वच्ता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पेयजल, सड़क एवं प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुधार तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार, रेवेन्यू इंस्पेक्टर अजीत यादव सहित नगर पालिका परिषद के अधिकांश निर्वाचित सभासद, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया और पूरे समारोह में गरिमामय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव-नामित सभासदों को बधाई देते हुए उनसे नगर हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। साथ ही कहा गया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से कालपी नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाया जा सकता है। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नगर के विकास कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### देवकली गांव में बाबा साहब की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**कालपी (जालौन)।** तहसील कालपी क्षेत्र के बीहड़ गांव देवकली में देर रात संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव के सभी लोगों की उपस्थिति में जय भीम के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा, तैयारियाँ पूरी

जन एक्सप्रेस। हरदोई




हरदोई।अरवल थाना क्षेत्र के चौसार में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर इस वर्ष एक विशाल एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। परशुराम सेना, चौसार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम आगामी 19 अप्रैल 2026, रविवार को आयोजित होगा।शोभा यात्रा की शुरुआत प्रातः 10 बजे होगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यात्रा का मुख्य केंद्र और एकत्रीकरण स्थल राम जानकी मंदिर, चौसार सुनिश्चित किया गया है। यहाँ से श्रद्धालु जयघोष के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ करेंगे।परशुराम सेना चौसार के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों से इस भव्य आयोजन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की इस शोभा यात्रा में सादर आमंत्रित है।परशुराम सेना के कार्यकर्ताओ ने इस कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति की अपील करते हुए लोगो के कहा कि इस धार्मिक उत्सव में भागीदारी से कार्यक्रम की शोभा बढ़ेगी।



## कार्यालय ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर खुर्द, विकास खण्ड निचलौल, महाराजगंज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा 2026-27 | दिनांक: 03.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर खुर्द** द्वारा वीबी-जी राम जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन - ग्रामीण) / पन्द्रहवां वित्त / षष्ठम वित्त / केन्द्रीय वित्त / राज्य वित्त / स्वच्छता निधि / सांसद/विधायक / एमएलसी / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एस.एल.डब्ल्यू.एम.) व ई.वी.आर. में चयनित एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयुक्त होने वाली आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, साबुन बालू, मौरंग बालू, ईंट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, ईंट, टाइल्स, मार्बल, पेंट, बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला, कुदाल, झाडू, ब्लिचिंग पाउडर, चूना, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्क टू हैंड पम्प राइजर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **दिनांक 17.04.2026** को **प्रातः 01.00 बजे तक** सामग्री हेतु अपनी निविदा फार्म मूल्य 50 रूपये प्राप्त कर तथा वांछित पत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर खुर्द में रखे गये निविदा बॉक्स में डाला जायेगा। निविदा उसी दिन **प्रातः 02.00 बजे** निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:-**

1- अधिकृत फर्म/अधिकृत डीलर का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है।
2- जो दर प्रस्तुत की जाये व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
3- आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 प्रतिशत आयकर/टीडीएस देना होगा।
4- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के सापेक्ष दर पर हर हाल में भुगतान किया जायेगा।
5- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता/तकनीकी सहायक/रोजगार सेवक के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
6- धरौहर की धनराशि रु0 5000 (पांच हजार) है।
7- धरौहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एएफडीआर/एनएससी एवं डाक घर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर खुर्द के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8- निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त सचिव ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।
9- आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरौहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10- सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11- सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
12- आपूर्तिकर्ता का भुगतान अवर अभियंता/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13- निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14- निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16- निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत - लक्ष्मीपुर खुर्द

**सचिव**
ग्राम पंचायत - लक्ष्मीपुर खुर्द


# डीएम व एसपी ने एक्सप्रेसवे के उद्घाटन की तैयारियों का लिया जायजा

## 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

जन एक्सप्रेस। हरदोई



जनपद के मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन एवं प्रस्तावित जनसभा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित आगमन के मद्देनजर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने मल्लावां क्षेत्र के बंदीपुर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा, क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह 'आशू' ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, यातायात प्रबंधन तथा आमजन के लिए मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।प्रशासनिक अनुमान के अनुसार कार्यक्रम में कन्नौज, हरदोई, कानपुर, सीतापुर, लखनऊ, उन्नाव, शाहजहांपुर एवं लखीमपुर खीरी सहित विभिन्न जनपदों से लगभग एक लाख लोगों की उपस्थिति संभावित है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।गौरतलब है कि गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है, जिसके उद्घाटन को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है।

### महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का दिया संदेश

**जालौन (उरई)।** सेठ वीरेन्द्र कुमार महाविद्यालय, गुढ़ा न्यामतपुर उरगांव रोड में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रचार अभियान के अंतर्गत महिला जागरूकता अभियान एवं महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने नारों के माध्यम से नारी शक्ति को जागृत करने और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। छात्रा अक्षरा तिवारी ने 卐अंधा छोड़ो नारी, मन की आँखें खोलो नारी卐 नारे के जरिए महिलाओं को अंधभक्ति से दूर रहने की प्रेरणा दी। वहीं मोनिका देवी ने कहा 卐नारी में है शक्ति अपार, वही करेगी जग उद्धार।卐 दीपाली बाथम ने अपने नारे में संदेश दिया कि 卐नारी नर से हीन नहीं, ये दुनिया के अधीन नहीं।卐 संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सौम्या पटेल ने कहा कि यदि महिलाएं अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान लें, तो उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

# जनपदवासी स्वगणना का उपयोग कर राष्ट्र निर्माण के इस महाभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सनिश्चित करायें

**जन एक्सप्रेस। आजमगढ़**



जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना राष्ट्रीय महत्व की जनगणना गतिविधियों की आधारभूत संरचना करते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन के क्रम में बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गम्भीर सिंह की उपस्थिति में जनगणना प्रथम चरण के क्रम में 07 से 21 मई 2026 (15 दिन) तक ऑनलाइन स्वगणना विषयक प्रशिक्षण अधिकारियों को देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जनगणना 2027 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियों के कार्य व दायित्व निर्धारित करते हुए स्वगणना को सफल बनाने पर बल दिया गया।

प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि इस बार जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और सुगम होगी। स्वगणना, जनगणना-2027 की एक नई सुविधा है, जो निवासियों को जनगणना अधिकारी के उनके घर आने से पहले अपने घरेलू डाटा को ऑनलाइन भरने एवं जमा करने की अनुमति देती है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना आम नागरिक 07 मई से 21 मई 2026 के बीच आधिकारिक पोर्टल `मण्बमदेनेण्हवअण्पद के माध्यम से स्वयं अपनी और अपने परिवार की गणना कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि सुविधा का लाभ उठाएं और राष्ट्र निर्माण के इस महाभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।एचएलओ (हाउसलिस्टिंग आपरेशन्स) ऐप का प्रयोग- गणना कार्य में लगे प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा एचएलओ ऐप का प्रयोग किया जाएगा। मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का समस्त डेटा इसी ऐप के माध्यम से रियल-टाइम दर्ज होगा। बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि जो नागरिक स्वयं गणना नहीं कर पाएंगे, उनके लिए 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने प्रशिक्षण सत्रों को समय से पूरा करने, प्रगणकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी मकान या परिवार गणना से वंचित न रहे। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला जनगणना अधिकारी/तहसीलदार/चार्ज अधिकारी द्वारा- स्व-गणना फॉर्म भरने में मार्गदर्शन की आवश्यकता वाले परिवारों की लेखपालो द्वारा सहायता कराना। तहसील स्तर पर जारी किये गये प्रमाण पत्रों पर फुटर/स्टाम्प के रूप में जनगणना-2027 जागरूकता संदेश प्रसारित कराना। दूरस्थ क्षेत्रों बस्तियों के लिये स्थानीय भाषा में श्रव्य-दृश्य सामग्री युक्त मोबाईल वैन चलाना। नुक्कड नाटकः प्रत्येक तहसील में कम से कम 02 प्रदर्शन, पहला प्रदर्शन 22 से 28 मई के सप्ताह में कराना। सार्वजनिक संबोधन प्रणालीः सभी सरकारी सार्वजनिक व्यवस्थाओं, ब्लॉक, मुख्यालयों, तहसील कार्यालयों, मंडियों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों पर जनगणना 2027 की घोषणाएं की जाए। एचएलबी कार्यान्वयन~ तहसीलदारों/अधिशासी अधिकारियों (चार्ज अधिकारियों) को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी एचएलबी 22 मई से कार्यरत हों। लेखपालों को बस्ती/टोला कवरेज और सीमा संबंधी प्रश्नों में सहायता करनी होगी, ग्राम/नगर निर्देशिका का डेटा 22 मई से एकत्र किया जाएगा, जनगणना करने वालों द्वारा सीमा/अधिकार क्षेत्र संबंधी प्रश्नों का समाधान 48 घंटों के भीतर किया जाएगा। मानव संसाधन (प्रगणक/पर्यवेक्षक) की नियुक्ति~ गणना ब्लॉकों की संख्या के आधार पर प्रगणकों की आवश्यकता का निर्धारण किया जाए। प्रत्येक 06 प्रगणकों पर 01 पर्यवेक्षक की नियुक्ति की जाए तथा कुल आवश्यकता के अतिरिक्त 10 प्रतिशत प्रगणक एवं पर्यवेक्षक आरक्षित रखे जाएं।

# सोनौली को मिला अत्याधुनिक बस स्टेशन का तोहफा

**जन एक्सप्रेस। सोनौली/महराजगंज**



भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सोनौली नगर को एक अत्याधुनिक रोडवेज बस स्टेशन की सौगात मिलने जा रही है। करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस बस स्टेशन का निर्माण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। परिवहन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि सोनौली में आधुनिक बस स्टेशन निर्माण के प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकृति दे दी है। यह परियोजना लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है।

इस उपलब्धि का श्रेय नौतनवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ऋषि त्रिपाठी को दिया जा रहा है, जिन्होंने इस मुद्दे को लगातार सरकार के समक्ष उठाया और प्रभावी पैरवी की। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप अब सोनौली को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा मिलने जा रही है।

नए बस स्टेशन के निर्माण से यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर यातायात व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। व्यापार और पर्यटन को भी इससे नई गति मिलने की संभावना है, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मंजूरी की खबर मिलते ही सोनौली नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल के सदस्यों और नगरवासियों ने विधायक ऋषि त्रिपाठी को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने अपने पत्र में विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भूमिका के कारण ही यह परियोजना संभव हो सकी है। यह परियोजना न केवल सोनौली की आधारभूत संरचना को मजबूत करेगी, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# रामरतन पीजी कॉलेज में आशीर्वचन समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज**



पनियरा स्थित राम रतन पीजी कॉलेज, रामपुर मंसूरगंज में आशीर्वचन (फेयरवेल) समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं कॉलेज प्रबंधक रामचंद्र यादव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। समारोह में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रतियोगी कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान स्नातक स्तर पर बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा साधना चौरसिया को मिस फेयरवेल तथा गुलशन कुमार को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। वहीं परास्नातक स्तर पर एमएससी (प्राणि विज्ञान) की छात्रा गुंजा को 'मिस फेयरवेल' और एमए (राजनीति विज्ञान) के छात्र रंजीत राणा को 'मिस्टर फेयरवेल' का खिताब देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कॉलेज प्रबंधक रामचंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा धन है, जिसे कोई छीन नहीं सकता, इसलिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल करनी चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य हृदयानन्द यादव, आफताब आलम, होशिला शर्मा, रामकेश सिंह, सतीश शुक्ला, मनोज चौरसिया, ओम प्रकाश सिंह, विनोद यादव, धर्मेंद्र यादव एवं दीपक त्रिपाठी सहित कई शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। जबकि कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेश्वर सिंह के आशीर्वचन के साथ हुआ। मंच संचालन रवि प्रताप नागवंशी ने किया।

## सशक्त नारी समर्थ भारत ~ महिलाओं ने दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

**जन एक्सप्रेस ?प्रतापगढ़।** जिले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के कंपनी गार्डन में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से जिले की महिलाओं ने अपनी एकजुटता और सामर्थ्य का प्रदर्शन किया। हस्ताक्षर अभियान, भव्य स्कूटी रैली और पदयात्रा के साथ शुरू हुए इस आयोजन में हजारों की संख्या में कामकाजी महिलाओं, छात्राओं और महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना और राजनीति में सक्रिय भागीदारी निभाना अनिवार्य है। वहीं विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति आज देश के विकास की धुरी बन चुकी है। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने स्कूटी रैली निकाली, जो कंपनी बाग से शुरू होकर मीरा भवन और अंबेडकर चौराहा होते हुए गुजरी।

# अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

## बर्तन के बदले मोबाइल से चल रहा था साइबर फ्रॉड का खेल, महराजगंज पुलिस ने गैंग का किया भंडाफोड़

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**



जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। महराजगंज पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम व थाना श्यामदेउरवां की संयुक्त पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह के पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से ग्रामीण इलाकों में घूम-घूमकर कंबल और बर्तनों के बदले लोगों से पुराने मोबाइल फोन एकत्र करता था। इसके बाद इन मोबाइल फोन को साइबर अपराधियों तक पहुंचाया जाता था, जहां इनका इस्तेमाल ठगी और अन्य ऑनलाइन अपराधों में किया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में सामान बरामद किया है, जिसमें 318 एंड्रॉइड मोबाइल फोन (करीब 80 लाख रुपये कीमत), 110 मोबाइल मदरबोर्ड, 5 अतिरिक्त मोबाइल फोन, 5 मोटरसाइकिल, नकदी तथा फर्जी बिल और पर्चियां शामिल हैं। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांव-गांव घूमकर लोगों से पुराने मोबाइल के बदले बर्तन या अन्य सामान देकर फोन जमा करते थे। इसके बाद इन मोबाइलों को कोलकाता भेजा जाता था, जहां तकनीकी छेड़छाड़ कर उनके ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबर बदल दिए जाते थे। फिर इन्हीं फोन का इस्तेमाल ह्रञ्जक्क फ्रॉड, फिशिंग और फर्जी कॉलिंग जैसे साइबर अपराधों में किया जाता था।

पुलिस के अधिकारियों मुताबिक, यह गिरोह एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा है, जिसकी गहन जांच जारी है। बरामद मोबाइलों के डेटा की जांच कर अन्य जुड़े लोगों की तलाश की जा रही है। साथ ही, यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क के जरिए अब तक कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

### गांवों में घूमकर जुटाते थे पुराने मोबाइल

साइबर अपराधियों का एक चौंकाने वाला नेटवर्क सामने आया है, जहां पुराने मोबाइल फोन को ही ठगी का हथियार बनाया जा रहा था। पुलिस की कार्रवाई में इस पूरे खेल का खुलासा हुआ है। पुलिस ने एक ऐसे शातिर साइबर गैंग का पर्दाफाश किया है, जो कबाड़ या बर्तन के बदले पुराने मोबाइल फोन इकट्ठा कर उन्हें ठगी के लिए इस्तेमाल करता था। पुलिस ने इस गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो काफी समय से ग्रामीण क्षेत्रों को निशाना बना रहे थे।

# गर्म हवा व लू से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

## लू से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपायों को अपनाएं जनसमान्य -अपर ज़िलाधिकारी(वि0/रा0)

**जन एक्सप्रेस। आजमगढ़**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आजमगढ़ द्वारा एडवाइजरी जारी कर लू से बचाव के उपाय,लक्षण एवं उपचार आदि के बारे में जनपदवासियों को जागरूक किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा है कि जन-सामान्य लू से बचाव को लेकर बताये उपायों को अमल में लायें और अपना बचाव करें। हीटवेब (लू) से बचाव के लिए संबंधित विभाग को अपनी अपनी तैयारी कर पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है तथा उससे संबंधी एहतियातें बरती जायें तथा सुरक्षात्मक उपायों को अपनाया जाये। गर्मी के हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें*, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को रेडियो व अन्य संसाधनों के माध्यम से सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।

बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें*। *सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें*

उन्होंने बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। *घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि* का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि अभी आगे गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा इसलिए गर्मी से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

### कब लगती है लू

गर्मी में शरीर के द्रव्य बॉडी फ्लूड सूखने लगते हैं। शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। *शराब की लत, हृदय रोग,, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वाले व्यक्तियों को लू से विशेष बचाव करने की जरूरत है।

## डेढ़ माह पूर्व किशोरी को धोखे से घर बुलाकर किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के एक गांव में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। एक युवक पर पड़ोस की ही एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाने और उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार बीते 25 फरवरी की शाम करीब 5 बजे पड़ोस में रहने वाला युवक दुर्गा प्रसाद सोनी उर्फ डब्लू सोनी किशोरी के पास आया और यह कहकर उसे अपने घर ले गया कि उसकी मां उसे बुला रही है। आरोप है कि ?जब किशोरी उसके घर पहुंची, तो वहां कोई नहीं था। युवक ने किशोरी के साथ जबरदस्ती करते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि घटना के बाद युवक ने किशोरी को जान से मारने की धमकी भी दी। उसने डराते हुए कहा कि यदि उसने किसी को बताया तो वह उसके पूरे परिवार को खत्म कर देगा।

# शिविर में दिव्यांगजनों को चिन्हित कर दिया जायेगा योजनाओं का लाभ: डीएम

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**

जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बुधवार को बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के उपकरणों से लाभान्वित करने हेतु 16 अप्रैल 2026 से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विकास खंड परिसरों में निर्धारित तिथियों पर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, बैसाखी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, एमआर किट, ब्रेल किट, एडीएल किट, स्मार्टफोन, टैबलेट सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि शिविरों का आयोजन विभिन्न विकास खंडों में अलग-अलग तिथियों पर किया जाएगा, जिसमें आसपुर देवसरा में 16 अप्रैल, पट्टी में 17 अप्रैल, बाबा बेलखरनाथधाम में 20 अप्रैल, मंगरौरा में 21 अप्रैल, गौरा में 22 अप्रैल, शिवगढ़ में 23 अप्रैल, मानधाता में 24 अप्रैल, सदर में 25 अप्रैल, सण्ड़वा चन्द्रिका में 27 अप्रैल, लक्ष्मणपुर में 28 अप्रैल, लालगंज में 29 अप्रैल, सांगीपुर में 30 अप्रैल, रामपुर संग्रामगढ़ में 04 मई, कालाकांकर में 05 मई, बाबागंज में 06 मई, कुण्डा में 07 मई तथा बिहार में 08 मई को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि जिन दिव्यांगजनों को पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ प्राप्त हुआ है, उन्हें भी वर्तमान वित्तीय वर्ष में सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों से लाभान्वित करने हेतु पात्रता के आधार पर चिन्हित किया जाएगा। साथ ही ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड नहीं बने हैं, उनके प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने की कार्यवाही भी शिविरों में की जाएगी। इन शिविरों में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे दिव्यांग पेंशन, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण एवं कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के अंतर्गत भी पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि शिविर में पंजीकरण हेतु दिव्यांगजन को आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना आवश्यक होगा।

# गरीबों के आंख की रोशनी लौटा जीवन में उजाला लाएगा लॉज फ्रेंडशिप आन तमसा: डॉ. भक्तवत्सल

## 21 को लगेगा निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण शिविर

**जन एक्सप्रेस। आजमगढ़**

समाज को गरीब तबके के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहा सामाजिक संगठन लॉज फ्रेंडशिप आन तमसा अब गरीबों की आंख की रोशनी लौटाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को शहर के एक होटल में बैठक कर व्यापक रणनीति तैयार की। इस दौरान 21 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक ईशान पब्लिक स्कूल रोहुआ मुस्तफाबाद आजमगढ़ में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया।

कोआर्डिनेटर ख्यातिलब्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डा. भक्तवत्सल व ईशान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। जांच के बाद चयनित मरीजों का ऑपरेशन वाराणसी स्थित आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल में किया जाएगा। चयनित मरीजों को उसी दिन बस के माध्यम से निःशुल्क वाराणसी ले जाने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में ऑपरेशन, उपचार एवं भोजन की पूरी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होने बताया कि शिविर में विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों की जांच की जाएगी। शिविर में आने वाले मरीजों को आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी, मोबाइल नंबर, मास्क तथा अगर पहले से कहीं उपचार करा रहे हैं तो दवा का पर्चा साथ लाना अनिवार्य होगा।

अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सचिव संजय श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष अनिल गौर ने मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजो से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में लोग शिविर में शामिल होकर लाभ उठाएं।

## दुष्कर्म और आई.टी. एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म और आई. टी. एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। ?पुलिस के अनुसार साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम क्षेत्र में देखभाल और वांछित अपराधियों की तलाश में सक्रिय थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने कोहड़ौर थाना इलाके के स्टेशन रोड से पूरे बैजूपुर गाँव जाने वाले तिराहे पर घेराबंदी की। यहाँ से अभियुक्त शिवकुमार पुत्र रामअभिलाष निवासी रामापुर को गिरफ्तार किया गया। ?पकड़ा गया अभियुक्त शिवकुमार साइबर क्राइम थाने में दर्ज एक मुकदमे में वांछित चल रहा था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना प्रभारी प्रदीप कुमार और निरीक्षक दिवाकर सिंह यादव ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# समारोह पूर्वक मनायी गयी हरिऔध जयंती

**जन एक्सप्रेस। आजमगढ़**



नगरपालिका स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हरिऔध साहित्य सेवा संस्थान और नेहा एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में महाकवि अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध के 161वें जन्मदिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एस. डी. एम. सदर नरेन्द्र कुमार गंगवार और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष इंदिरा देवी जायसवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में एस. डी. एम. सदर नरेन्द्र कुमार गंगवार ने कहा कि हरिऔध जी ने खड़ी बोली में प्रथम महाकाव्य प्रिय प्रवास की रचना कर आजमगढ़ को गौरवान्वित किया। इसके अलावा विभिन्न साहित्य ग्रंथों की उनकी रचनाएं अद्वितीय हैं।

अध्यक्षता करते हुए हरिऔध साहित्य संस्थान के अध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि हरिऔध जी महा मानवतावादी एवं विश्व मैत्री के कवि थे। उन्होंने हिंदी में अनेक महत्वपूर्ण महाकाव्य , नाटक, उपान्यास आदि रचनाओं से विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई। कवि सम्राट और साहित्य वाचस्पति की उपाधि से अलंकृत हरिऔध के नाम के बगैर हिन्दी साहित्य अपूर्ण है।

वरिष्ठ साहित्यकार बिंध्यवासिनी प्रसाद श्रीवास्तव अकेला ने कहा कि हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में हरिऔध जी की ख्याति वंदनीय है ।

कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संस्थान के महामंत्री संजय कुमार पाण्डेय सरस ने अपने शेरो शायरी से लोगों का मन जीत लिया।


प्रसिद्ध शायर ताज आजमी, और श्रेया दुबे ने काव्यपाठ कर माहौल को खुशनुमा बना दिया।

कार्यक्रम के संयोजक रवि कुमार जायसवाल ने स्वागत एवं मनोज कुमार पांडेय सी. ए. ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनीता सिंह, संजय सिंह,रमाकांत यादव,अरविंद अरविंद चित्रांश, राजेश रंजन,नीरज सिंह, सुशील श्रीवास्तव,अमरनाथ गौतम,राजेश श्रीवास्तव, जवाहर पाठक, आत्मा तिवारी, अमरेंद्र राय, आशीष राय,गिरीश सेठ,प्रवीण चौबे, गौतम कुमार , विपिन कुमार,अशोक,विजय कुमार पांडेय, पवन कुमार मिश्रा, ज्ञानेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।


# लाखों की ठगी, धमकी और फर्जी मुकदमों का आरोप

## ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोपों से गरमाई बदलापुर की सियासत









जन एक्सप्रेस। जौनपुर

### दर-दर भटक रहा है पीड़ित हर अधिकारी से लगाए न्याय की गुहार

बदलापुर तहसील बदलापुर क्षेत्र में एक बड़ा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पीड़ित ने ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों पर 5 लाख रुपये हड़पने, जान से मारने की धमकी देने और झूठे मुकदमों में फंसाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।
पीड़ित ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।
चवरी गांव निवासी मूलचंद पुत्र प्रहलाद का आरोप है कि ग्राम प्रधान भारत यादव पुत्र कमला प्रसाद व नीलम ने पेट्रोल पंप में पार्टनर के नाम पर उससे 5 लाख रुपये अपने खाते में जमा करा लिए। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों का रवैया बदल गया और उसे धमकियां दी जाने लगीं।
पीड़ित ने मीडिया से बातचीत में सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान पहले भी उसकी दुकान लुटवा चुका है, जिसकी शिकायत उसने थाने में की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा, प्रधान द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।
मुलचंद का आरोप है कि पैसा वापस न देने के लिए ग्राम प्रधान तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है और उस पर बेवजह मुकदमे दर्ज करवाए जा रहे हैं, ताकि वह डरकर अपनी मांग छोड़ दे।
पीड़ित और उसके परिवार में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।
पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसके 5 लाख रुपये जल्द से जल्द वापस कराए जाएं और उसे व उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही ग्राम प्रधान और संबंधित आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।
अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इन गंभीर आरोपों को संज्ञान में लेकर निष्पक्ष जांच करेगा या फिर पीड़ित को न्याय के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

## सीडीपीओ- सुपरवाइजर को लापरवाही पर नोटिस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। लाभार्थियों को पोषाहार वितरण में ई-केवाईसी और चेहरा प्रमाणीकरण (एफआरसी) में लापरवाही बरतने पर सात सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) और सुपरवाइजरों को नोटिस जारी किया गया है। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है और सुधार न होने पर वेतन/मानदेय रोकने के साथ विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने समीक्षा बैठक में लापरवाही बरत रहे अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्रवाई की जद में धर्मापुर, मछलीशहर, मड़ियाहूं, करंजाकला, मुंगराबादशाहपुर और रामपुर ब्लॉक के सीडीपीओ शामिल हैं। सुपरवाइजरों पर भी कार्रवाई की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि एफआरसी के माध्यम से पोषाहार वितरण में जिला प्रदेश में नौवें स्थान पर है, जो पहले की अपेक्षा बेहतर प्रगति है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में लापरवाही करने वाले सीडीपीओ और सुपरवाइजरों को नोटिस जारी किया गया है और सुधार न होने पर अन्य विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिले में कुल 2 लाख 27 हजार 335 लाभार्थियों के सापेक्ष केवल 1 लाख 95 हजार 885 को ही एफआरसी के माध्यम से पोषाहार वितरित किया जा सका है। बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वितरण व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनमाने तरीके से नहीं, बल्कि चेहरा पहचान कर बच्चों को पुष्टाहार वितरित करेंगी।

## विमल कुमार आनन्द अध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार मंत्री बने

### अधिवेशन में गूंजा पुरानी पेंशन, आठवे वेतन आयोग का मुद्दा



जन एक्सप्रेस। बस्ती

बुधवार को कलेक्टेट्र परिसर स्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय पर पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ. फजील खान की देख रेख में सर्वसम्मत से विमल कुमार आनन्द अध्यक्ष, विजय कुमार उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार मंत्री, भानू प्रताप सिंह संयुक्त मंत्री, रामेन्द्र जायसवाल कोषाध्यक्ष, शिवदास लेखा सम्प्रेक्षक निर्वाचित घोषित किये गये।
चुनाव से पूर्व द्विवार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित करते हुये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राम अधारपाल ने कहा कि देश और प्रदेश के कर्मचारी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उनकी जायज मांगों पर भी विचार नहीं किया जा रहा है। पुरानी पेंशन बहाल किये जाने और आठवे वेतन आयोग को शीघ्र लागू किये जाने को लेकर हमें निरन्तर संघर्ष तेज रखना होगा। उन्होने पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। अध्यक्षता करते हुये रणजीत उपाध्याय ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया।
नव निर्वाचित अध्यक्ष विमल कुमार आनन्द ने कहा कि स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र अधिकारियों से वार्ता के साथ ही प्रदेश नेतृत्व से वेतन विसंगति की समस्या का समाधान कराये जाने का आग्रह किया जायेगा। परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि कर्मचारियों के जनपद स्तरीय समस्याओं के समाधान हेतु निरन्तर प्रयास जारी है।
द्विवार्षिक अधिवेशन में मुख्य रूप से राम सुभाष चौधरी, रजत सिंह, विनोद कुमार मिश्र, राम प्रसाद चौधरी, विनोद कुमार मिश्र, दिनेश चन्द्र, महेन्द्र कुमार, सुशील शुक्ल, संजय कुमार, जितेन्द्र विश्वकर्मा, नुरूल हुदा, धर्मेन्द्र सिंह, महेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, आशुतोष सिंह, अतुल पाण्डेय, अबरार अहमद अंसारी, दिनेश कुमार, गौरव सिंह, रजत सोनकर, अभिषेक कुमार, अरूण शुक्ल, अविनाश कुमार के साथ ही विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## सफाईकर्मी के हत्यारो के गिरफ्तारी की मांग: संघ ने डीएम, एसपी को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

बुधवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार आर्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने सफाईकर्मी विनय कुमार वर्मा के हत्यारों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी को पत्र सौंपा। इसके बाद जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया।
पत्र देने के बाद अजय कुमार आर्य ने बताया कि छावनी थाना क्षेत्र के अकला निवासी सफाईकर्मी विनय कुमार वर्मा हर्रैया विकास खण्ड क्षेत्र के बसदेवा कुंवर गांव में तैनात थे। गत 12 अप्रैल को गांव के निकट उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने अभी तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया है। मांग किया कि दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ा दण्ड दिलाया जाय। अजय आर्य ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया है कि अति शीघ्र हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। चेतावनी दिया कि यदि 17 अप्रैल तक हत्यारे गिरफ्तार न हुये तो 18 अप्रैल को जनपद के सफाई कर्मचारी विरोध प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन देंगे।
प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से संघ के मंत्री मंशाराम चौधरी, कोषाध्यक्ष अशोक चौहान, संगठन मंत्री अमित चक्रवर्ती, लेखा सम्प्रेक्षक भरत कुमार यादव, सन्तोष कुमार, समयदीन यादव, उमेश चौधरी आदि शामिल रहे।

## ससुराल में आये युवक ने पेड़ में गमछे के सहारे लगायी फांसी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सरायख्वाजा स्थानीय थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव में बुधवार की सुबह लगभग 30 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालापुर (केशवपुर) निवासी श्यामजीत उर्फ बच्चा पुत्र राम आश्चर्य जमुनीपुर निवासी ऋषिकेश पुत्र सुखी राम के यहां अवने ससुराल आया था। दामाद ने बुधवार को सुबह गांव में स्थित एक बगीचे में गमछे के सहारे फांसी लगा ली। जब सुबह शौच के लिये कुछ गांव व्यक्तियों का नजर बगीचे की तरफ पड़ी तब सबके होश उड़ गये। इसकी जानकारी होते ही गांव में आग की तरह फैल गयी। इसकी सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## मिशन शक्ति का असर: जफराबाद पुलिस की काउंसलिंग से सुलझा दांपत्य विवाद, परिवार में लौटी खुशियां

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जनपद में चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जफराबाद पुलिस ने एक सराहनीय पहल करते हुए पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को काउंसलिंग और आपसी समझाइश के जरिए सुलझा दिया।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में, सहायक पुलिस अधीक्षक/थाना प्रभारी श्रृष्टि जैन व थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना जफराबाद की मिशन शक्ति टीम ने यह महत्वपूर्ण पहल की।
जानकारी के अनुसार, समोपुर खुर्द निवासी रीना देवी और उनके पति दशरथ गौतम के बीच आपसी मतभेद चल रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केंद्र पर बुलाया, जहां उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना गया। इसके बाद दोनों को समझाया-बुझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्ष आपसी सहमति से सुलह के लिए तैयार हो गए।
काउंसलिंग के दौरान टीम ने न सिर्फ विवाद का समाधान कराया, बल्कि महिला सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति भी जागरूक किया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 (पुलिस), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन)-की जानकारी भी दी गई।
इसके अलावा, टीम ने विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।
इस सफल पहल में मिशन शक्ति टीम की महिला आरक्षी सोनी पासवान और प्रज्ञा सिंह की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस संवेदनशील कार्रवाई से एक परिवार में फिर से खुशियां लौट आई, जिसे स्थानीय स्तर पर सराहा जा रहा है।

## सै.हसनैन कमर दीपू की बेटी जूरियत जहरा ने हाईस्कूल में प्राप्त हुए 92.6% अंक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ के अध्यक्ष सै. हसनैन कमर दीपू की बेटी जूरियत जहरा ने सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल में 92. 6% अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। गौरतलब हो कि सै. हसनैन कमर दीपू की बड़ी बेटी जूरियत जहरा की प्राथमिक शिक्षा डालिम्स सनबीम स्कूल हमाम दरवाजा से शुरू हुई थी और कक्षा 9 में डॉ. रिजवी लर्नस एकेडमी में दाखिला लिया गया। सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में 92.6प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। सूचना मिलते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी। जूरियत जहरा ने इसका श्रेय शिक्षकों, माता-पिता को दिया है। डॉ रिज़वी लर्नस स्कूल की प्रिंसपल डॉ रूचि शर्मा ने मिठाई खिला कर अपना आशीर्वाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की.बधाई देने वालों तहलका न्यूज़ नेटवर्क के संपादक कैलाशनाथ सिंह, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ के संरक्षक आईबी सिंह, प्रेस फाउंडेशन के अध्यक्ष आरिफ हुसैनी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ के महामंत्री देवेंद्र खरे, जावेद अहमद, संपादक रामजी जायसवाल, अजय शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार हिम्मत बहादुर सिंह, मो.अब्बास रिजवी, राजन मिश्रा, अंकित जायसवाल, क्षमा सिंह, आमिर अब्बास, रिजवान, लायंस क्लब गोमती के अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार मौर्य पूर्व अध्यक्ष मनीष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता पूर्व अध्यक्ष देवेश गुप्ता, श्रीमती सुधा मौर्य, शाहिद हुसैन गुड्डू, गौरव श्रीवास्तव, समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

## बाबा साहब की जयन्ती पर ग्रामीण क्षेत्रों में उमडे लोग

जन एक्सप्रेस। बस्ती



भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के जयन्ती अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक आयोजन किये गये। इसी कड़ी में भीम पाठशाला समिति द्वारा साऊंघाट विकास खण्ड के कुर्थिया अम्बेडकर पार्क से नरियांव, खझौला, परसा जाफर, सोनहटी, बिल्लौर, पटखौली, कनैली, पकरी नासिर, परसा हज्जाम, मुजहना, जमोहे, देवरिया माफी, ओडवारा, हटवा शुक्ल, बटेला, गंगाराम मंझरिया, तिलकपुर, प्लास्टिक काम्पलेक्स, मलिकपुरवा, बायपोखर, मकबूलगंज होते हुये संस्थापक अध्यक्ष रामशंकर आजाद, संस्थापक कोषाध्यक्ष मूलचंद आजाद के संयोजन में भुडली जमोहरा पहुंची। हजारों की संख्या में लोग बाबा साहब अमर रहे' बाबा तेरा मिशन अधूरा, हम सब मिलकर करेंगे पूरा, जयभीम आदि के नारे लग रहे थे। संस्थापक अध्यक्ष रामशंकर आजाद, मूलचंद आजाद, विक्रम गौतम एडवोकेट, रंजीत कुमार गौतम, जिलाध्यक्ष राना प्रवीण कुमार आदि ने कहा कि बाबा साहब आजीवन छूआछूत, भेदभाव के विरोध में लडे और दबे कुचले समाज को शिक्षित बनो, संघर्ष करो का मंत्र दिया। जब तक समाज में विषमता, भेदभाव है बाबा साहब सदैव प्रासंगिक रहेंगे। मानवता ही उनके लिए सबसे बड़ा धर्म था। समाज के लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। मजदूरों और किसानों के लिए उनकी सोच हमेशा सकारात्मक रहेगी।
बाबा साहब जयन्ती अवसर पर निकली प्रभातफेरी में मुख्य रूप से अनिल कुमार गौतम, उदयचन्द, ग्राम प्रधान इरफान अहमद, सोनू सिंह गौतम, रंगीलाल, विकास कुमार, विशाल कुमार, पवन कुमार, राहुल कुमार, फूल कुमारी, अंजू गौतम, वंदना, पूजा के साथ ही हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## 66 साथियों की याद में मनाया जाता है कि अग्निशमन स्मृति दिवस: आरपी राय



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

अग्निशमन विभाग पर आरपी राय मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा अग्निशमन स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान अपने कर्तव्य की बलिवेदी पर शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही जनपद के उच्च अधिकारियों को पिन फ्लैग लगाकर 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह को प्रारम्भ किया गया। इस मौके पर आरपी राय ने कहा कि उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल 1944 को बम्बई बंदरगाह पर विस्फोटक सामाग्री एवं रूई से भरे जहाज में आग लगने के दौरान तेज विस्फोट हो जाने से अग्निशमन कार्य में जुटे अग्निशमन कर्मियों में से 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपटों में घिर जाने के कारण शहीद हो गये थे। उन्हीं की पुण्य स्मृति में प्रत्येक वर्ष 'अग्निशमन स्मृति दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह नागरिकों को आग से बचाव हेतु जागरूक किया जाता है। इस वर्ष के प्रचार के लिए विषय है कि 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ हो।' उक्त अवसर पर अग्निशमन विभाग के आरक्षी, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## भाई श्री के श्रीमुख से गूंजेगी भागवत कथा, जौनपुर होगा भक्तिमय

### 21 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा, 22 से 29 तक चलेगा आध्यात्मिक महोत्सव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



आध्यात्मिकता की बयार बहने लगी है। प्रसिद्ध कथावाचक शिवानंद 'भाई श्री' महाराज के आगमन से धार्मिक वातावरण और भी पावन हो उठा है। उनका भव्य स्वागत ऋषि योगा संस्थान, गोसाई मंदिर, उर्दू बाजार में संस्थान की निदेशक एवं सहकार भारती की जिला महामंत्री रजनी साहू के नेतृत्व में किया गया।
इस अवसर पर आगामी श्रीमद्भागवत कथा के भव्य आयोजन की घोषणा की गई। यह कथा 22 अप्रैल से 29 अप्रैल तक नगर के बी.आर.पी. इंटर कॉलेज मैदान में प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगी। कथा के दौरान प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे।
कथावाचक शिवानंद 'भाई श्री' महाराज ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कथा से एक दिन पूर्व, 21 अप्रैल को प्रातः 11 बजे बी.आर.पी. इंटर कॉलेज से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सैकड़ों चार पहिया वाहनों के साथ यह शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण करेगी और जौनपुर को भक्तिमय रंग में रंग देगी।
कार्यक्रम में सहकार भारती के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह 'रिंकू', जिला मंत्री नवनीत श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, अर्चना सिंह, रचित साहू, तनुष्का साहू, मुस्कान सिंह, ममता साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।
पूरे आयोजन की जिम्मेदारी रजनी साहू द्वारा निभाई जा रही है, जबकि कार्यक्रम का संचालन नवनीत श्रीवास्तव ने किया।

## पेड़ से लटककर युवक ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



रामपुर स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना से पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेहरा गांव निवासी पवन सिंह (32 वर्ष) पुत्र दिवाकर सिंह ने अपने घर के पास स्थित नीम के पेड़ से लटककर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवक ने बिजली के केबल तार का इस्तेमाल करके फांसी लगायी। आशंका जताई जा रही है कि उसने पहले अपने मकान की छत से नीम के पेड़ की डाल में केबल बांधा और फिर उसे गले में लपेटकर छत से कूद गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों के अनुसार सुबह 5 बजे जब परिजनों की नजर पेड़ की डाल पर लटके शव पर पड़ी तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक पवन सिंह अविवाहित था और हाल के दिनों में नशे की लत का शिकार हो गया था। हालांकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## जौनपुर में पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। माध्यमिक शिक्षा विभाग जौनपुर के सौजन्य से टीडी इंटर कॉलेज, जौनपुर में पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन टीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह एवं जिला समन्वयक राजन सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कॉलेज के मुख्य भवन में आयोजित इस शिविर में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में इंटर कॉलेजों के विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक शामिल हुए। शिविर में कक्षा 9, 10, 11 और 12 की पाठ्य पुस्तकों की बिक्री की गई, जहां उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई रॉयल्टी पेड पुस्तकें बेहद कम एवं उचित दरों पर उपलब्ध कराई गईं। इसका लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने जिले के सभी विद्यालयों के छात्रों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे टीडी इंटर कॉलेज पहुंचकर सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पाठ्य पुस्तकों का लाभ उठाएं।

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने बैठक कर की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



बैठक में जनपद स्तर पर परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु विस्तृत समीक्षा की गई।
जिलाधिकारी ने बताया कि लिखित परीक्षा 25 अप्रैल 2026, 26 अप्रैल 2026 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रत्येक दिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संपन्न होगी। जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं बैठक में जानकारी दी गई कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जिससे परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों, सहायक केंद्र व्यवस्थापकों एवं परीक्षा सहायकों की भी नियुक्ति कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। प्रति पाली 8400 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहें तथा परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा संबंधित विभागों के अधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पीड़िता ने पुत्री के साथ धोखा, दुष्कर्म व अपहरण का लगाया गंभीर आरोप

## फूलबेहड़ पुलिस पर एफआईआर न लिखने का आरोप आरोप लगाते हुए पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

## ढाई माह से लगातार पीड़िता लगा रही न्याय की गुहार फूलबेहड़ पुलिस की भूमिका संदिग्ध

### क्या है पूरा मामला

पीड़िता के अनुसार, बसहा माफी निवासी मौलाना इरफान, जो रिश्ते में पीड़िता की बड़ी बहन का पुत्र है, मदरसे में पढ़ाने के साथ तंत्र-मंत्र भी करता है। वह पीड़िता के घर आता-जाता था। इरफान ने शादीशुदा होने के बावजूद पीड़िता की बड़ी पुत्री राबिया खातून को प्रेमजाल में फंसा लिया। लोकलाज के डर से पीड़िता ने 23. जुलाई.2023 को राबिया का विवाह माजिद पुत्र खलील, निवासी मैलानी से कर दिया। विवाह में आए इरफान ने दामाद को राबिया से अपने संबंधों के बारे में बता दिया। इसके बाद दामाद ने राबिया से शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया।



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र की एक पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता वारिसा पत्नी वारिस अली, निवासी पोस्ट व कोतवाली फूलबेहड़ ने बताया कि उसकी पुत्री राबिया खातून के साथ शादीशुदा मौलाना इरफान ने प्रेमजाल में फंसाकर धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण किया और अब जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता का आरोप है कि थाना फूलबेहड़ पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बजाय गुमशुदगी दर्ज कर विपक्षी को बचाने का प्रयास किया है।

#### दुआ-ताबीज के बहाने ले जाकर किया दुष्कर्म

पीड़िता ने बताया कि 11.फरवरी .2024 को इरफान घर आकर बोला कि 'मैं दुआ-ताबीज से सब ठीक कर दूंगा' और राबिया को बसहा माफी ले गया। वहां उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इरफान के ताऊ के पुत्र अजीजुर्रहमान ने भी राबिया को डराया-धमकाया। ससुराल भेजे जाने पर राबिया गर्भवती निकली। दामाद ने रखने से इनकार कर दिया। 15. अक्टूबर.2024 को राबिया ने एक पुत्र को जन्म दिया। इरफान शादी का झांसा देता रहा।

#### पुलिस पर एफआईआर न लिखने का आरोप

पीड़िता के मुताबिक, थाना फूलबेहड़ पुलिस ने शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की। विपक्षी ने 17.मई .2024 को सिविल जज खीरी के न्यायालय में केस दाखिल कर मामला पुलिस से हटा लिया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई से इनकार कर दिया। पीड़िता ने 18.जून.2024 को न्यायालय में धारा 156(3)का प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद से इरफान व अजीजुर्रहमान लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

#### एसपी से लगाई गुहार

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि गुमशुदगी के स्थान पर इरफान, अजीजुर्रहमान व सलीम अहमद के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म, धमकी व षड्यंत्र की धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही पुत्री राबिया व नाती को बरामद कराया जाए और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो।
पीड़िता ने कहा कि उसकी पुत्री व नाती 2 माह से अधिक समय से लापता हैं। पता नहीं जिंदा हैं या विपक्षियों ने हत्या कर दी। यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी विपक्षियों के साथ थाना फूलबेहड़ पुलिस की होगी।

#### नाती सहित पुत्री लापता, गुमशुदगी दर्ज

पीड़िता ने बताया कि 27. जनवरी.2026 को राबिया अपने बच्चे के साथ फूलबेहड़ सीएचसी दवा लेने गई थी। वहीं से इरफान उसे व नाती को सलीम अहमद पुत्र शहाबुद्दीन, निवासी रमिया बेहड, थाना पढुआ के यहां ले गया। शिकायत पर थाना फूलबेहड़ पुलिस ने अपहरण की एफआईआर न लिखकर 09.फरवरी.2026 को गुमशुदगी डीजी नंबर 026/2026 दर्ज कर ली। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। दरोगा सरवन ने पीड़िता के पति से कहा कि जाओ इरफान को गोली मार दो।

# अंबेडकर मूर्ति विवाद में हिंसा, 20 पुलिसकर्मी घायल, दो एफआईआर 19 गिरफ्तार





जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन

लखीमपुर खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मंगलवार शाम अंबेडकर जयंती के मौके पर मूर्ति को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाए जाने के बाद तनाव भड़क गया और स्थानीय लोगों व पुलिस के बीच टकराव हो गया।पथराव में करीब 20 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उपद्रवियों ने थाना, चौकी और एडिशनल एसपी की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। कवरेज के दौरान एक दैनिक समाचार पत्र एक रिपोर्टर को भी हल्की चोटें आई हैं।

#### अब तक की कार्रवाई

एएसपी अमित कुमार राय ने बुधवार को बताया कि इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं।पहली एफआईआर उस महिला ने दर्ज कराई है जिसे कथित तौर पर पीटा गया था। दूसरी एफआईआर एसएचओ मैलानी ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ दर्ज की है। पुलिस ने अब तक 19 आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की पहचान सोशल मीडिया वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के जरिए की जा रही है।

#### विवाद की वजह

एएसपी अमित राय के मुताबिक झगड़े की मूल वजह जमीन विवाद था। कुछ लोगों ने बाबा साहेब की फोटो लगाकर कार्यक्रम की अध्यक्षता करने का प्लान बनाया था। वहीं गांव के मुखिया ने वहां अंबेडकर की एक छोटी मूर्ति लगाने की कोशिश की।इस पर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई जिससे विवाद हो गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने मूर्ति को नुकसान पहुंचाया, जिसके बाद गुस्सा भड़क गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।हालात काबू करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

#### फिलहाल के हालात

अधिकारियों ने बताया कि इलाके में फिलहाल तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात है और वरिष्ठ अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से भी अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजी गई है।

# गोला के ऐतिहासिक चैती मेले में जवाबी कव्वाली की धूम, टीना परवीन व तस्लीम आरिफ ने बांधा समां

**16 अप्रैल 2026 को चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर पुरस्कार वितरण, समापन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं सात बजे से होगा।**




जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

छोटी काशी कहे जाने वाले गोला के ऐतिहासिक चैती मेला 2026 के सांस्कृतिक मंच पर मंगलवार रात जवाबी कव्वाली का भव्य आयोजन हुआ। मशहूर कव्वाल टीना परवीन और तस्लीम आरिफ की प्रस्तुतियों ने देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, कार्यक्रम अध्यक्ष सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम कुमार गौतम, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ.फारुख, मंजूर अली, डॉ.मनोज वर्मा, हनीफ खान, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन महामंत्री संदीप अवस्थी, पूर्व अध्यक्ष लाल बिहारी वर्मा, मनोज मिश्रा, पंकज बाजपेई, रामेन्द्र शुक्ल, डॉ.अकील, श्याम मूर्ति शुक्ल, परविजय यादव, पंकज पुरवार, विमलेश मिश्रा, सुनील दीक्षित, राहुल शुक्ला, डॉ.आरिफ अंसारी, डॉ.सना सिद्दीकी, राजीव त्रिवेदी, लखीमपुर भाजपा नगर अध्यक्ष देवदत्त चड्ढा और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों को स्मृति चिन्ह व पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विनोद मिश्रा ने कहा, 'चैती मेला गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जिसे पालिकाध्यक्ष ने बहुत खूबसूरती से सजाया है।' कार्यक्रम अध्यक्ष राम कुमार गौतम ने कहा, 'मेला चैती बहुरंगी संस्कृति का मेला है। सुदूर क्षेत्रों से आए लोगों की सुविधा का पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू पूरा ख्याल रखते हैं। 'इससे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग करने वाले करीब 40 कर्मचारियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

#### कव्वालों ने दी शानदार प्रस्तुतियाँ

कार्यक्रम की शुरुआत तस्लीम आरिफ ने ईश्वर वंदना 'तू ही ईश्वर तू ही अल्ला हम सबका' से की। इसके बाद उन्होंने 'भर दो झोली मेरी या मोहम्मद, गजल 'मैंने किसी के साथ भी धोखा नहीं किया' और मुकाबले की कव्वाली 'ये माना कि जानम बहुत खूब हो तुम, 'एटम बम है तेरी जवानी' पेश की। उनके साथ बैंजों पर तस्लीम हुसैन, तबला पर शानू, ढोलक पर कैफ, हारमोनियम पर सरफराज, आक्टोपैड पर कमल हसन और कोरस पर वसीम व इन्तजार ने संगत की। वहीं टीना परवीन ने सबकी जुबां पर तेरा ही नाम 'कमली वाले के जैसा नहीं, गजल 'जहर मुझको पिला देना' और मुकाबले की कव्वाली 'एटम बम है तेरी जवानी' सुनाकर वाहवाही लूटी। उनके साथ तबला पर विक्की, ढोलक पर आसाराम, पैड पर सूरज, हारमोनियम पर दिलशाद वारसी, कोरस हसन अली और बैंजो पर सोनी नियाजी ने साथ दिया।

# संविधान के रूप में बाबा साहेब ने लोकतंत्र को मज़बूत किया: योगेश वर्मा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




बाबा साहेब डॉ.भीमराव रामजी आंबेडकर ने संविधान के ज़रिए इस देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने का काम किया है। यह बात सदर विधायक योगेश वर्मा ने तथागत बुद्ध एवं डॉ.भीमराव आंबेडकर स्मारक स्थल, सुरजीपुरवा, ब्लॉक नकहा में बाबा साहेब की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। योगेश वर्मा ने कहा, 'बाबा साहेब ने संविधान में समता, समानता और लिंग-भेदभाव को समाप्त करने की व्यवस्थाएँ दीं, जिससे लोकतन्त्र मज़बूत हुआ। उनके विचार आज भी हमें समानता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। 'ज़िला पंचायत सदस्य मिथलेश सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का सुरजीपुरवा में स्मारक बनने से क्षेत्रवासियों में बाबा साहेब के प्रति श्रद्धाभाव और मज़बूत होगा। युवा पीढ़ी उनके संघर्ष और योगदान से प्रेरणा लेगी। वंचित शोषित सामाजिक संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चंदन लाल वाल्मीकि ने कहा, 'बाबा साहेब के जीवन संघर्ष को महत्व तब-तब मिला जब-जब भाजपा की सरकार बनी। भारत रत्न से सम्मानित करने से लेकर केंद्र सरकार द्वारा उनके जन्मदिन पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करना, यह सब उनके योगदान की स्वीकारोक्ति है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़े पाँच स्थानों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित किया है, जिनमें मऊ की जन्मभूमि, नागपुर की दीक्षाभूमि, लंदन की शिक्षास्थली, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल और मुंबई की चैत्यभूमि शामिल हैं।
कार्यक्रम का शुभारंभ बौद्धाचार्य शिवराम गौतम द्वारा बुद्ध वंदना से किया गया। सभा की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख जगदीश प्रसाद ने की, जबकि संचालन परिक्रमा प्रसाद ने किया। इस अवसर पर डी.डी. भारती, राम स्नेही, शत्रोहन लाल सहित भारी संख्या में आंबेडकर अनुयायी तथा आसपास की अनेक ग्राम सभाओं के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गर्भवती महिला से बेरहमी से मारपीट, पेट में लात मारने से गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गर्भवती महिला के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत का आरोप लगाया गया है। गुड्डा गार्डन निवासी प्रियंका (पत्नी राहुल सिंह) ने आरोप लगाया है कि 7 फरवरी 2026 की रात करीब 11:30 बजे प्रकाश गुप्ता और उनकी पत्नी संध्या गुप्ता ने उनके पति के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर जब प्रियंका अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचीं, तो आरोप है कि संध्या गुप्ता ने उनके बाल पकड़कर उन्हें घर के अंदर खींच लिया और दोनों आरोपियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, वह उस समय गर्भवती थीं और लगातार छोड़ने की गुहार लगाती रहीं, लेकिन आरोपियों ने उनके पेट में जोरदार लात मार दी, जिससे उन्हें गंभीर दर्द होने लगा। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि उस समय उचित कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पीड़िता की हालत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की जांच और अल्ट्रासाउंड में गर्भ में पल रहे बच्चे की मृत्यु की पुष्टि हुई। 28 मार्च को उन्होंने सरकारी अस्पताल में भी इलाज कराया।

# पनकी में पति से विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर जान दी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी में पति से विवाद के बाद पत्नी ने सुबह तड़के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ज़ब पति सोकर उठा और पत्नी को कमरे में ना देख दूसरे कमरे में गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटकाने पर भी कोई आवाज़ नहीं आई जिसके बाद दरवाजा तोड़कर परिजन दाखिल हुए तो महिला का शव दुप्पटे से फंदे के सहारे लटकता देख सभी के होश उड़ गए। परिजनों ने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटना की जाँच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
पनकी थाना क्षेत्र के पनका गाँव निवासी अंकुश दिवाकर प्राइवेट कर्मी है। परिवार में पत्नी सीमा दिवाकर (27) है। अंकुश ने बताया की करीब चार साल पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से पत्नी से छोटी छोटी बातो को लेकर विवाद होता रहता था। पत्नी का सांस सुसर से भी विवाद होता था। जिस कारण से वह अक्सर अलग रहने का उसपर दबाव बनाया करती थी। मंगलवार को भी अलग रहने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। ज़ब उसने अलग रहने से मना कर दिया तो वह गुस्से में जाकर दूसरे कमरे में लेट गई। वह कई बार उसे बुलाने गया मगर वह नहीं आई। जिसके बाद सुबह करीब चार बजे और कमरे से दुप्पटा लेकर फिर कमरे में चली गई। और अंदर से कमरा बंद कर लिया। करीब सात बजे वह पत्नी को जगाने कमरे में गया तो कमरा अंदर से बंद था। काफ़ी देर तक दरवाजा खटकाने पर भी अंदर से कोई आवाज़ नहीं आई तो उसने खिड़की से झाँक कर देखा तो पत्नी का शव दुप्पटे से पंखे के सहारे लटक रहा था। किसी तरह से दरवाजा तोड़कर फंदे से नीचे उतारते हुए घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी।
जानकारी मिलते ही पनकी थाने का फ़ोर्स और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटना की जाँच पड़ताल शुरू की। पुलिस पूछताछ के दौरान पति अंकुश ने बताया की पत्नी अलग रहने के लिए दबाव बनाती थी कल इुद्धद्ध इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पति-पत्नी के विवाद के चलते महिला ने फांसी लगाई है मायके पक्ष की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है अगर कोई आरोप लगता है या तहरीर देता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिल्हौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। जनपद कमिश्नरेट कानपुर नगर में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिल्हौर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस आयुक्त के निर्देशन और पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) के मार्गदर्शन में, अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल नेतृत्व में थाना बिल्हौर पुलिस टीम ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

## बिल्हौर विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं का हंगामा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। बिल्हौर विद्युत सब स्टेशन पर सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब स्मार्ट मीटर की समस्याओं से परेशान बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र का घेराव कर दिया। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने कर्मचारियों को उनकी सीटों से उठाकर बाहर कर दिया और विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनकी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गेड़हवा, विकास खण्ड निचलौल, महाराजगंज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा 2026-27 दिनांक: 03.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**ग्राम पंचायत गेड़हवा** द्वारा वीबी-जी राम जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन - ग्रामीण) / पन्द्रहवां वित्त / षष्ठम वित्त / केन्द्रीय वित्त / राज्य वित्त / स्वच्छता निधि / सांसद/विधायक / एमएलसी / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एस.एल.डब्ल्यू.एम.) व ई.वी.आर. में चयनित एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयुक्त होने वाली आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, साबुन बालू, मौरंग बालू, ईंट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, ईंट, टाइल्स, मार्बल, पेंट, बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला, कुदाल, झाड़ू, ब्लिचिंग पाउडर, चूना, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्क टू हैंड पम्प राइजर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **दिनांक 17.04.2026 को प्रातः 01.00 बजे तक** सामग्री हेतु अपनी निविदा फार्म मूल्य 50 रूपये प्राप्त कर तथा वांछित पत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत गेड़हवा में रखे गये निविदा बॉक्स में डाला जायेगा। निविदा उसी दिन **प्रातः 02.00 बजे** निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:-**

1- अधिकृत फर्म/अधिकृत डीलर का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है।
2- जो दर प्रस्तुत की जाये व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
3- आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 प्रतिशत आयकर/टीडीएस देना होगा।
4- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के सापेक्ष दर पर हर हाल में भुगतान किया जायेगा।
5- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता/तकनीकी सहायक/रोजगार सेवक के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
6- धरौहर की धनराशि रु0 5000 (पांच हजार) है।
7- धरौहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एएफडीआर/एनएससी एवं डाक घर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत गेड़हवा के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8- निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त सचिव ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।
9- आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरौहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10- सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11- सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
12- आपूर्तिकर्ता का भुगतान अवर अभियंता/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13- निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14- निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16- निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत- गेड़हवा

**सचिव**
ग्राम पंचायत-गेड़हवा

## कार्यालय ग्राम पंचायत भेड़िहारी, विकास खण्ड निचलौल, महाराजगंज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा 2026-27 दिनांक: 03.04.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**ग्राम पंचायत भेड़िहारी** द्वारा वीबी-जी राम जी (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन - ग्रामीण) / पन्द्रहवां वित्त / षष्ठम वित्त / केन्द्रीय वित्त / राज्य वित्त / स्वच्छता निधि / सांसद/विधायक / एमएलसी / स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (एस.एल.डब्ल्यू.एम.) व ई.वी.आर. में चयनित एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयुक्त होने वाली आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, साबुन बालू, मौरंग बालू, ईंट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, ईंट, टाइल्स, मार्बल, पेंट, बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला, कुदाल, झाड़ू, ब्लिचिंग पाउडर, चूना, कूड़ेदान, फागिंग मशीन, इण्डिया मार्क टू हैंड पम्प राइजर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा **दिनांक 17.04.2026 को प्रातः 03.00 बजे तक** सामग्री हेतु अपनी निविदा फार्म मूल्य 50 रूपये प्राप्त कर तथा वांछित पत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत भेड़िहारी में रखे गये निविदा बॉक्स में डाला जायेगा। निविदा उसी दिन **प्रातः 04.00 बजे** निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा।

**नियम व शर्तें निम्नवत् हैं:-**

1- अधिकृत फर्म/अधिकृत डीलर का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लियरेंस संलग्न करना अनिवार्य है।
2- जो दर प्रस्तुत की जाये व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर प्रस्तुत की जाये।
3- आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 प्रतिशत आयकर/टीडीएस देना होगा।
4- प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के सापेक्ष दर पर हर हाल में भुगतान किया जायेगा।
5- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता/तकनीकी सहायक/रोजगार सेवक के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
6- धरौहर की धनराशि रु0 5000 (पांच हजार) है।
7- धरौहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एएफडीआर/एनएससी एवं डाक घर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत भेड़िहारी के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8- निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त सचिव ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।
9- आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरौहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10- सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11- सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
12- आपूर्तिकर्ता का भुगतान अवर अभियंता/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13- निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14- निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16- निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत - भेड़िहारी

**सचिव**
ग्राम पंचायत - भेड़िहारी

